So we have gone into appeal to the Supreme Court only because certain wrong and harmful principles were enunciated and we thought that it would be in the best interest of the country that this should be settled properly at the highest tribunal of the land. That is why we have gone to the Supreme Court and it is only to see that proper principles and guidelines are adopted in such matters. We shall definitely accept whatever decisions are given by the Supreme Court in this matter. I want to say this again clearly that we have done our best to see that they get all the amenities. As I said, it is an undisputed fact that they are one of the best-paid workers in their category, in this industry, in the entire area. Therefore, Mr. Bosu's fears are completely unfounded and I would request him to use his influence—if he has any—to see that this matter is amicably settled to see that our vital national defence industries are not crippled by such unwarranted strikes.

(ii) Fall in Supply of Electricity, Diesel and Kerosene to Southern Districts of Andhra Pradesh

SHRI P. NARASIMHA REDDY (Chittoor): I would like to refer to the grave situation arising in the southern districts of Andhra Pradesh as a consequence of the sudden and steep fall in electricity, as well as diesel and kerosene supplies. As the House is aware, Chittoor district itself has got 90,000 pumpsets. They want electricity and diesel oil for those things. Not only Chittoor but adjoining districts are there which are affected. Whereas the total shortage of electric power is 50 per cent, the actual supply to the agriculturist is less than 25 per cent. And, from 25 per cent also there is this sudden and surprising fall which has taken place during the past few days. Several telegrams are pouring in continuously. Some action should be taken immediately to supply diesel oil to diesel pumpsets. Enough quantity of diesel oil should be supplied to them. Even kerosene is not available. This is a matter of grave concern to all of us and this problem should be immediately looked into and remedied. I request the Minister of Irrigation and Power; I also request the Minister of Petroleum and

chemicals to look into this matter immediately. They should step us the supply of electricity and regularise it to the agriculturists. They should take urgent action to supply the required quantities of diesel oil, kerosense etc, to these districts of sourthern Andhra Pradesh. Otherwise lakhs and lakhs of acres of land in this drought-prone and dry areas face imminent danger, which will result in very serious consquences. Therefore I request the Minister of Irrigation and Power and the Minister of Petroleum and Chemical to take immediate action in this regard, so that this situation may be remedied as early as possible. Thank you.

14.03 hrs

DEMANDS FOR GRANTS, 1973-74— *contd.*

MINISTRY OF AGRICULTURE— *contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: We will now resume discussion on the Demands of the Ministry of Agriculture Shri Ishaque has to continue his speech. But before that, I would like to say that I have received a request from the Chief Whip of the Congress party to the effect that only seven minutes may be given to each speaker from the Congress Party because of the large number of speakers Shri Ishaque has taken four minutes already He can take three more minutes only.

SHRI A. K. M. ISHAQUE (Basirbat): Sir, as I was saying, the Government's policy of wholesale trade in foodgrains has the blessing of the country. As you know, of the total workers in the country 43 per cent are cultivators and so the remaining 57 per cent of the total population constitute the consuming community. On the first count a majority of the people do constitute the consuming interest and this class will have blessing for the Government in its policy. Of the cultivators again, 90 per cent into the class of consuming interest, but they are periodical consumers only. Some consume for three months, some for six months and some for eight months. There are peasants having only two to three bighas of land who have to consume for ten months. Therefore, according to my calculation 96 per cent of the total population do constitute the consuming class. All these people will suupport this policy of the government to take-over. Only big jotdars and food-grain traders which constitute 4 per cent may oppose it. Therefore, I assure the government that this country is very much behind their poliy of take-over. But the government must be pragmatic in implementing this policy otherwise this policy which could be the best friend of the country could also be the worst enemy if we do not or cannot implement it faithfully. I will suggest to the government to ensure people's participation in this policy. No doubt, there are good people in the administration yet I will ask the government to depend on the people's participation to make this policy a success. I will suggest that the issue of licences must be entrusted not to the government officers but with the Anchal panchayats There are 60,000 anchal panchayats in the country If we entrust this work to the anchal panchayats we would be ensuring public participation in the government policy and the policy of take-over will be a success.

I will again suggest that the petty traders be exempted from the mischief of licences because there are lakhs of people engaged in this trade who purchase one quintal of rice and wheat in one market and sell the same in the other. That is their only source of living. If these people are put to the restriction of licences they would not be able to pay licence fee and would be put to unnnecessary troubles. These people should

[Shri A. K. M. Ishaque]

be kept outside the perview of the licences so that they can continue with petty trade as they are doing at present.

The success or failure of the policy of take-over depends on the question of fixation of prices. If the government cannot fix the price of the foodgrains at a proper price then there is a danger of this policy not only getting a crack but also being exposed to the danger of all-out denunciation. I suggest the fixation of prices should be such as to give incentive to the producers as well as it should be reasonable to the consumer. The newspapers have come out with the report that the government could not make any purchase from Delhi mandi on the first day. There is nothing to be apprehensive of the big jotdars. They will face the problem of storage if they do not sell their stocks. But if the government does not give the producer an incentive price the production itself will be affected and the policy will be exposed to many weaknesses. I would again suggest that government must make a policy statement that the petty cultivators who will sell to the government would again receive foodgrains from the government at the same price, on their personal need.

In my view, that is the crux of the problem. These petty dealers sell the grains at a lower price immediately after the harvesting of the new crops, and the prices then come down. If Government would make a policy statement that all the petty cultivators would be given back the foodgrains again at the same price at which they sold it to the Government, then that policy statement will encourage them to sell all their produce to Government, and Government would also be able to acquire a huge quantum of foodgrains from them.

I would also request Government to infuse in the public servants a commercial attitude in their dealing with these people. The people are very much concerned about the attitude that the Government officers show to them. If the public servant could go about with this commercial attitude in this trade, it will help the trade very much and it will also make the policy successful.

Lastly, I would suggest that Government must do everything to create public opinion in favour of the foodgrains take-over.

MR. DEPUTY-SPEAKER: They are doing that.

SHRI A. K. M. ISHAQUE: I know that they are doing their best. But I would suggest that this policy must be published throughout the country thoroughly through the block development offices. Thousands and thousands of pamphlets must be printed and given to the block development offices for distribution among the people so that the people can come to know about the new policy, and the policy statement which I have suggested if Government agree to it, must be given wide publicity, so that there may be a zeal among the public to sell the foodgrains to Government. That will by itself make this policy a success.

SHRI B. S. MURTHY (Amalapurum) I thank you for giving me this opportunity ....

MR. DEPUTY-SPEAKER: But only seven minutes.

SHRI B. S. MURTHY: Six minutes are enough for me.

I thank you for giving me this opportunity to participate in this debate. I want to co-operate with you so that next time I can get

seven minutes more. I want to speak only on one subject. I am not going to touch the vast subject of the production, storage, distribution and re-sale of foodgrains. I would like to draw the attention of the House today to a forgetten subject, namely panchayati raj and community development.

There were days when the whole of India was buzzing with enthusiasm for community development, and even persons from foreign countries used to come to India to see what wonderful work India was doing at that time in this regard. Ever since the introduction of panchayati raj in 1959, Rajasthan and Andhra Pradesh were the two States which have done excellent work in this sphere. In course of time, the whole country has adopted more or less panchayati raj and community development. There was a time when the whole country looked to the panchayati raj institutions to get some inspiration for every item of development.

Panchayati raj was considered as grass-root democracy and since all the people living in a village are brought together and they sit in the panchayati raj institutions and also discuss their problems in the gram panchayats, they thought that the community as a whole would try to build up a new society and also do everything possible to improve its economy.

Sir, there was at a time, two lakh villages completely covered with panchayati institutions and about 98 per cent of the population were involved, physically, mentally and morally in running these institutions. There were 3,300 panchayat samitis working very efficiently and almost 281 zila parishads were functioning as more or less institutions which were not merely for administrative purposes but both for developmental and administrative purposes. In those days, each individual without any reference to his caste or creed, wealth or poverty, education or otherwise, was impelled to come forward and help in building a culvert, a road, a bridge, or a school or a hut or a temple and so on, so much so that people's voluntary donation not only in the form of money and in kind but also their own free labour was available.

All of a sudden, somehow or other, something happened, and people thought there was something wrong. It was no doubt to some extent true that panchayati raj institutions were captured by those who were powerful in the villages, so much so that they began to use the panchati raj not to improve the lot of the people but to improve the lot of the so-called rich and the so-called privileged. But a mistake like this is bound to happen in country like India where we are divided in the name of creed, caste and even sometimes regions. But a good think like this should not have been ignored and sometimes, if I can use the word, completely shelved. Therefore, I appeal to the Government once again to see that the panchayati raj system as well as community development are brought into existence so that we can take up the threads where we left them and in the course of the next four to five years we can make India self-sufficient and more powerful than it is today.

One word more and I shall finish because I want to keep the promise that I made to you. Recently, there was a conference of the All India Panchayat Parishad Organisation

[Shri B. S. Murthy]

which was presided over by my good friend Mr. De, and was inaugurated by the President of India, Dr V. V. Giri Mr. F A. Ahmed, the Minister in charge, also participated in it. There was a powerful message sent by our Prime Minister. All this indicates that there are bright and better days for panchayati raj. I appeal to the Minister in charge to see that panchayati raj and community development are not left to languish and die an unnatural death but to see that they are brought in once again in full swing

Another point is, we are thinking of a number of programmes such as take-over of the wholesale trade in foodgrains, removal of poverty, *garibi hatao*, and we want to see that more employment is generated, and again we are thinking about providing occupation to the educated unemployed For all these things there cannot be any other remedy except panchayati raj which should be fully geared and must be done in its own way

In this connection, I submit that the Constitution must be changed Today the panchayati raj and community development are more or less a burden on the States, sometimes they encourage them, sometimes they discourage them. Instead of that, let it be a concurrent subject and let the Centre also participate with the States and see that efforts are made so that we shall be able to build a new community

One word more and I have done There is a lake called Kulleru lake in West Godavari district It has several hundreds of thousands of acres and has great potential. Rich landlords are occupying the whole land and make, hay while the sun shines I think the hon Minister must have gone and seen its potential Crores of rupees worth land, water and fish are gobbled up if I may use that word, by powerful people, and they do not allow the poor people to cultivate or benefit by this lake. Wherever there is any suffering, the Harijan comes first. Even yesterday in Rajasthan there were events which substantiate what I say, I am not going into that now due to shortage of time Kuller lake must be immediately taken over by the Central Government and converted into a State farm.

श्री वीरेन्द्र सिंह रावत (महेन्द्रगढ़) एग्रिकल्चर मिनिस्ट्री को साढ़े सात सौ करोड़ से ज्यादा की मांग हाउस के सामने पेश है । चार इसके महकमे है, एग्रिकल्चर, फूड कम्युनिटी डिवेलपमेंट और कोआपरेटिव्ज । मैं एक किसान हूं अगर किसान के जो ख्यालात आखिरी दो महकमो के बारे में हैं उनको मैं आधे मिनट में अर्ज कर देना चाहता हूं । कम्युनिटी डिवेलपमेंट और कोआपरेटिव बहुत बड़ा धोखा है किसान के साथ, कम्प्लीट फाड है । इन महकमो के जरिये किसानो की सारी जत्थेबन्दी होमोजिनिटी, उनकी ईमानदारी, सबको तोड़कर रख दिया गया है । किसान को करप्ट कर दिया गया है । आपस मे गाव-गाव मे लोगो को लड़ा दिया गया है और जो अख्तियारात है वे सारे सरकारी अफसरो के हाथ मे हैं । किसान को इस मे कुछ भी हिस्सा नही मिलता है । कम्युनिटी डिवेलपमेंट की 5 करोड की डिमाडज हैं । अगर यह रुपया बिजली पैदा करने मे, नहरें निकालने मे या गरीबो मे भी बांट दिया जाए तो ज्यादा फायदा होगा बजाय इसके कि इस महकमे को कायम रखा जाए ।

यही हाल कोआपरेटिव डिपार्टमेंट का है । कम्युनिटी डिवेलपमेंट और पंचायती राज का काम सिवाय इसके कुछ नहीं है कि जो हां में हां नहीं मिलाता है उस का बस्ता उठा कर भंगवालो, उसके खिलाफ इनक्वायरी करा लो । जो पंचायत सरकार की मर्जी के मुताबिक नहीं चलती है, राय नहीं देती है या

जिनवाती है उसको सस्पेंड कर दो, सुपरसीड कर दो । सरकार मे सारे अख्त्यारात लिए हुए हैं । चाहे जिस पंचायत को वह तोड़ सकती है । कानून तबदील किये जा रहे हैं। सब ताकत अपने हाथ मे ली जा रही है । यहा तक कि एडमिनिस्ट्रेटर लगाने की भी तजवीजें स्टेटस मे हो रही है । पचायत को तोड़ कर अपनी मर्जी का आदमी वहां लगा दो जो सारी पंजायत को लूट कर खा जाए और कामन लैंडज का मालिक बन कर बैठ जाये । इस तरह का पंचायती राज लोगों को नही चाहिए । यह मसा पचायती राज का था भी नहीं । लेकिन आज इसी तरीके मे मे चल रही हैं ।

जहा तक कोआपरेटिव डिपार्टमेंट का ताल्लुक है, सहकारी योजना का ताल्लुक है अफसर तथा अन्य पदाधिकारी जो होते है, कोआपरेटिव सोसाइटी के अन्दर जो रकम होती है सब मिलकर खा जाते हैं, यही सहकारी योजना है । जो कभी कर्जा नही लेते हैं, उनके जाली दस्तखत करके पैसा खा जाते हैं । यह एक हकीकत है ।

एग्रिकल्चर मिनिस्ट्री ने फूड की ट्रेड को अपने हाथ मे लिया है। मुझे इस मे कोई एतराज नही है । मैं इसकी हिमायत करता हू । मोटी अकल का किसान यह सोचता है कि व्यापारी जो सैकडो साल से उसकी खाल उतार रहा था वह अगर आज चीख रहा है तो इस मे कुछ न कुछ किसान का भला जरूर है । अब किसान को व्यापारी की जगह सरकार लूटना शुरु कर दे तो इस बात पर मुझे सख्त एतराज होगा । मुझे डर भी इसी का है । कभी व्यापारी ने ठीक दाम किसान को नही दिए । जब होलसेल फूड ट्रेड व्यापारियो के हाथ मे थी उस वक्त फूड कारपोरेशन के अफसर और व्यापारी मिल कर खाते थे । मंडियो मे व्यापारियो ने कभी भी प्रोक्योरमेंट की मिनिमम प्राइस से ज्यादा किसी भी मंडी मे एक पैसा भी ज्यादा प्राइस किसान को नही दी । यह रिकार्ड है । कम भाव मे खरीद कर सरकार को ऊंचे दामो मे बेचते थे । सुबह से शाम तक किसान को परेशान किया जाता था, तग किया जाता था। अब आपको एक बात का अध्यन रखना होगा । अब अगर किसान को ठीक दाम नही मिले तो इसकी सीधी जिम्मेदारी आप पर होगी। अब आप नही कह सकेंगे कि मडी भाव कम है और हम ज्यादा दे रहे हैं दो तीन रुपये । किसान तब पैदा करेगा जब उसको इसेंटिव प्राइस मिलेगी । आज बगैर सिचाई पैदा होने वाली ज्वार का भाव 155 रुपया क्विंटल है, बाजरे का 160, मक्की का 125 और, जानवरो के खाने की चीज ज्वार का भी 125 लेकिन गेहू आप खरीदना चाहते हैं 76 रुपये क्विन्टल मे । आप बताए कि कौन गेहू पैदा करेगा, कौन इनको देगा, ? गेहू की पैदावार करने के तरीके आप दूसरे देशो मे सीखे उन्हा से आप गेहू मागते या मगवाते है। कनाडा जैसे देश मे अगर गेहू की फसल ज्यादा हो जाती है तो सरकार खडी खेती मे आग लगवा देती है और इसके लिए कई मिलियन डालर किसानो को देती है, फसल को बरबाद कर देती है ताकि भाव न गिरे । यहा किसानो को लूटने की कोशिश की जाती है । इसको आप रोकें । आप एलान करे कि गेहू का दाम, किसान को इतना दिया जायेगा कि किसान गेहू पैदा करे शौक के साथ । एक और चीज किसान को बरदाश्त नही होगी । लैवी का जो तरीका है, किसान से जबरदस्ती अनाज वसूल करने का जो तरीका है, यह नही चलेगा । किसान अपनी मर्जी से बेचे और चाहे जिस को बेचे । अगर किसान का ज्यादा भाव मे बिकता है तो बेचे किसी और को और नही बिकता है तो बेचे सरकार को । किसान को छूट होनी चाहिए ।

आज एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री पर इस देश का सब से बडा बोझ है । जहां तक फूड का बोझ ताल्लुक है, हिन्दुस्तान की सौ फीसदी जनता को खिलाना उस की जिम्मेदारी है । इसके

[श्री वीरेन्द्र सिंह राव]

अलावा किसान के मयारेजिन्दगी को ऊपर उठाना और गावो की हालत को सुधारना भी उस के प्राबजेक्टिवज हैं। हिन्दुस्तान की अस्सी फीसदी जनता देहात मे बसती है। इस मिनिस्ट्री को उसके लिए भी कुछ करना है।

यह मिनिस्ट्री भी बडी मजबूत है। उसकी अहमियत के मुताबिक ही उसके मिनिस्टर हैं। पूरी टीम है मिनिस्टर्ज की। सीनियर मिनिस्टर फखरुद्दीन अहमद साहब है। वह बडे भले हैं, सबके लिए दुआ-ए-खैर करते रहते हैं। शिन्दे साहब तो अपने ऊपर पानी का कतरा भी नही ठन्डने देते हैं। और प्राफेसर साहब को डबल "शेर" है। यह "शेर" भी है और "सिंह" भी हैं और शायद उन के नाम की वजह से ही उन को एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री मे शामिल किया गया है।

लेकिन मसला यह है कि जितना कुछ ये मिनिस्टर साहबान कर सकते हैं या करने रहे है। प्रोफेसर साहब तो साडो की नस्ल बढाने मे लगे हुए है। अगर उन को कहे कि गाय खत्म हो रही है और आप साडो की नस्ल बढाने म लगे हुए है तो उन का जवाब एक ही होता है कि मेरे नाम के पीछे मत जाओ, मैं तो खालिस सब्जीखोर हू। वह गाय को नही बचा सके। शिन्दे साहब इस महकमे के मुताल्लिक खूब जानते हैं। मैं समझता हू कि अब तक जितने एग्रीकल्चर मिनिस्टर हुए है, इस महकमे के बारे मे वाकफियत शिन्दे साहब से ज्यादा किसी को नही रही है। लेकिन यह किसान के लिए कितना कर सकते है या लडसकते हैं, इस मे मुझे शक है। चूकि वह खुद भी किसान हैं, इस लिए वह सच बात कहने से घबराते है। वह डरते हैं कि कही कोई मोटिव इम्प्यूट न करे।

यह मिनिस्ट्री बहुत बडी है, लेकिन किसान को जो चाहिए वह इस मिनिस्ट्री के पास नही है। किसान को चाहिए बीज, लेकिन बीज इस मिनिस्ट्री के पास नही है—और अगर है, तो उस मैक्सिकन गेहू का बीज है, जिस की रोटी ठीक नहीं बनती है, जिसको हिन्दुस्तान मे कोई पसन्द नही करता है। देसी फार्म व्हीट की कीमत 82 रुपये मुकर्रर की जा रही है, लेकिन उसके बीज नहीं मिलते हैं। जो संस्था बीज पैदा करने वाली है—इडियन कौंसिल आफ एग्रीकल्चरल रिसर्च, उसके लिए मिनिस्ट्री के बजट में 35 करोड रुपये की रकम मांगी गई है। इस भारी रकम से नहर निकालते या ट्यूबवैल लगाने के लिए देते। रिसर्च होनी चाहिए, लेकिन यहां क्या होता है कि गमलो मे, ग्लास हाउसिज मे, थोडी-थोडी फसल उगाते हैं, उस पर तजुर्बा करते हैं और उस का एप्लिकेशन करते हैं सैकडो एकड के हिसाब से।

इस गवर्नमेंट के ख्याल मे किसान बहुत खुशहाल हो गया है और उस को हर जगह ग्रीन रेवोल्यूशन नजर आता है। लेकिन मै कहना चाहता हू कि गवर्नमेंट के स्टेट फार्म्ज तो बहुत बडे बडे है। उन मे ट्रेक्टर्ज की कमी नही है। नहर का पानी सब से पहले वहां मिलता है और सब से ज्यादा ट्यूबवैल वहा लगे हुए है। सारा फर्टलाइजर वहा झोंका जाता है। लेकिन इन सब बातो के बावजूद एक भी स्टेट फार्म ऐसा नही है, जो नकसान पर न चल रहा हो—सब घाटे पर चल रहे हैं। अगर बडे बडे स्टेट फार्म्ज लास पर चल रहे है, तो किसान से कैसे यह उम्मीद की जाती है कि वह थोडी थोडी जमीन पर सारे इनपुट्स मुहैया करके फायदा उठा ले?

यह मिनिस्ट्री किसान को ट्रैक्टर नही दिला सकती क्योंकि वह महकमा मिनिस्ट्री आफ हैवी इडस्ट्रीज के पास है। वह किसान को फर्टलाइजर नही दिला सकती क्योंकि वह महकमा मिनिस्ट्री आफ पेट्रोलियम एण्ड

कैमिकल्ज के पास है। यह मिनिस्ट्री फर्टीलाइजर फैक्टरीज को चालू नहीं कर सकती है। आज उन में इनस्टाल्ड कैपेसिटी का चालीस से पचास परसेंट ही प्राडक्शन के लिए यूटिलाइज हो रहा है। जहां उन की कैपेसिटी साढ़े तीन मिलियन टन की है, वहां मुश्किल से डेढ़ मिलियन टन नाइट्रोजन और आधा मिलियन टन से कम फासफेट पैदा किया जा रहा है। आज हमारे मुल्क को 11 मिलियन टन खाद की जरूरत है, लेकिन उस की इतनी कमी है कि नजर ही नहीं आता।

ये लोग जापान से मुकाबला करते हैं, लेकिन इस देश का खाद का पर-कैपिटा कनजम्पशन जापान का 147वां हिस्सा है। हमारी गेहूं की यील्ड मिश्र जैसे देश से भी आधी है और खाद की पर-एकड़ कनजम्पशन भी उससे आधी है।

इस के अलावा इरिगेशन और बिजली भी इस मिनिस्ट्री के हाथ में नहीं है। अब उल्टी गंगा बहाने की बात हो रही है। ये लोग यू० पी० में पानी नहीं दे सकते, लेकिन गंगा को पहाड़ पर चढ़ा कर दक्षिण तक ले जायंगे। यह गवर्नमेंट बीस साल में देश भर में सिर्फ आठ मिलियन हेक्टेयर जमीन को ईरीगेट कर पाई है। बिजली में से किसान को सिर्फ 10 परसेंट मिलती है।

किसान को जिन चीजों की जरूरत है, यह मिनिस्ट्री उन्हें नहीं दिला सकती है। वह उन्हें मिट्टी के तेल नहीं दिला सकती है। सस्ता कपड़ा नहीं दिला सकती। शूगर के बारे में तो बहुत अन्याय हो रहा है किसानों के साथ इन्साफी मुल्क हो रहा है। शूगर का महकमा इस मिनिस्ट्री के पास है। देहात में शूगर एक आदमी को 200 ग्राम के हिसाब से मिलती है, जब कि शहर में 400 ग्राम के हिसाब से।

अगर यह मिनिस्ट्री किसान का भला चाहती है, किसान को ऊपर उठाना चाहती है, तो वह उस की जरूरियात की तरफ भी ध्यान दे। किसानों को लकड़ी, तेल, सीमेंट खाद, व बिजली की कमी है। उस पर पूरा ध्यान देना चाहिए। जमीन बाट कर, जंगलों को कटवा कर और गोबर को चूल्हों में जलवा कर यह न समझें कि किसान की पैदावार बढ़ाई जा सकती है।

SHRI K. PRADHANI (Nowrangpur): Sir, I rise to support the Demands for Grants of the Ministry of Agriculture. India is a vast country with 80 per cent of its people engaged in agriculture. It had just attained self-sufficiency in food production. But, unfortunately for us, due to the adverse weather conditions and the consequent drought and shortage of water and power, accompanied by shortage of fertilizers, the food production this year was very much below the target. In order to make up the loss, emergency food production schemes have been launched throughout the country, including improvement of minor irrigation projects, and food is imported from abroad. Then, to combat the rise in prices, the distribution of foodgrains through the public distribution system has been stepped up by intensive procurement

The State Governments have already started taking over the wholesale trade in rice and wheat In most of the States wholesale trade in wheat has already been taken over. As a result of that the price of wheat has come down in most of the States and in some States it has remained steady.

Coming to land reforms, after the abolition of zamindari and the princely States the feudal system came to an end. But the big landlords and farmers retained thousands of acres of land in their possession and cultivated them with the assistance of the landless labourers. Land reform is one of the methods by which we can

[Shri K. Pradhani]

expect that some land can be distributed to the landless labourers. The Central Government have laid down some guidelines in this connection which were approved by the Chief Ministers' Conference on the 23rd July 1972. Under those guidelines the ceiling on land for a family is 10 to 18 standard acres. The best land in a State with assured irrigation, which is capable of yielding at least two crops a year, is supposed to have 10—18 acres of land. The "family" is described as husband and wife with three minor children, etc.

After issuing the instructions to the State Governments, some of the State Governments have introduced Bill to amend the Land Reforms Acts according to the guidance of the Centre But it is noticed that some States are very rigid, not to come down from 18 standard acres and some other States are very reluctant to go beyond 10 standard acres The definition of "family" varies in various States according to the choice of the State Government. In one State, a major son who is authorised to retain land upto a maximum of one ceiling is not authorised to retain any land in another State Under the circumstances, with the various devations from the guidelines of the Centre, there will be a lot of disparities between the land reforms of one State from another State So, I would request the hon. Minister to be very strict and not to allow any of the State Governments to deviate from the guide-lines given by the Centre.

Then, I come to in-puts and machinery. In our country, most of the parts of our agricultural land are without irrigation and without agricultural machinery Most of the lands are sloppy and hilly. Tractors are not best suited to them. Machinery is also not used properly there because of the high and low levels of the land Agro-industries which are being financed by the Centre deal with machinery. Before the tractors go into these low and sloppy areas, it is the duty of the Government to see that bull-dozers are used to level those lands. Then only the tractors can be used there. I hope, the Centre will assist the agro-industries of the backward States to come to the level of developed States.

Due to the indiscriminate cutting of the jungles the rainfall of our country is reduced from day to day and the fertility of the soil is also reduced. I request the hon. Minister to have planned afforestation to attract better rainfall in our country and to see that the sub-soil and under-ground water is best utilised

Coming to pilot projects of Tribal Development, there are six pilot projects in our country which are functioning since 1971-72 They are located in various parts of the country According to the present policy of the Government, the backward areas of tribals are to get first prioity or the attention of the Govenment. I find that naked tribals residing in remote corners of Koraput district. I feel some more pilot projects are opened for the benefit of the tribal people in those aeas.

Lastly, I want to say a word about drought conditions prevailing in our country, specially, in our State which is a tribal and a very poor State There is no popular Government in the State It is now under the direct control of the President and the Agriculture Ministry at the Centre which is in-charge of agriculture, allotment of funds and all these things, to relieve the starving conditions of people, to release as much funds as possible under the crash programme and other things. I request the hon. Minister to take pains to have more funds released for this State.

श्री छोटे लाल (बैस) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं कृषि मंत्रालय के अनुदानों के समर्थन के लिए खड़ा हुआ हूं। फिर भी मैं कुछ अपने विचार अवश्य रखना चाहता हूं। विगत वर्ष 1972 की प्रथम छमाही में सरकार की तरफ से यह एलान किया गया था इस सदन के अंदर कि हमारा मुल्क खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर हो गया और अब किसी दूसरे मुल्क से अनाज मंगाने की जरूरत नही है। मगर खेद के साथ कहना पड़ता है कि एक सूखे की स्थिति ऐसी आई कि विभिन्न प्रान्तों में सूखे के कारण गल्ले की कमी हो गई और जिन प्रान्तों में गल्ले की अधिकता थी वहा से लेकर के कमी वाले क्षेत्रो की पूर्ति की गई जिस से सारे देश मे अनाज की कमी हो गई। फलस्वरूप हमें दूसरे मुल्क से लगभग 20 लाख टन अनाज मंगाने के लिए मजबूर होना पड़ा और इस कमी को देखते हुए ही सरकार को यह भी कदम उठाना पड़ा कि अनाज का और खास तौर से गेहू का ट्रेड सरकार ने अपने हाथ मे इसीलिए लिया कि अनाज की कमी है। अनाज की कमी की वजह से जो व्यापारी वर्ग मूल्यों को मनमाना ढग से बढ़ा कर के देश के तमाम गरीब लोगो को और मध्यम वर्ग के लोगो को परेशान कर रहे थे, मनमानी कीमत पर उनको अनाज बेच रहे थे और उन का एक प्रकार से शोषण कर रहे थे, इसलिए यह कदम सरकार ने उठाया।

उस का मैं समर्थन करता हू और चाहता हूं कि देश के वे नागरिक जो गरीब है जो मध्यम वर्ग के लोग है और जो कर्मचारी वर्ग के लोग हैं वह ऐसे राजनीतिक दलो के बहकाय में न आवे कि यह जो गल्ले के ट्रेड के टेक ओवर की स्कीम लागू की गई है उस के विपरीत जाये। उन के बहकावे में आने की कतई जरूरत नहीं है। यह उन्ही की भलाई के लिए कदम उठाया गया है। साथ ही साथ बहुत से किसानो को भी भड़काया जा रहा है कि वह किसान सरकार को गल्ला न दें ताकि यह स्कीम फेल हो जाय। उस के लिए भी कई बार यहां पर प्रकाश डाला जा चुका है और मैं यह कहूगा कि किसानो की भलाई के लिए ही यह कदम उठाया गया है। अभी-अभी पूर्व वक्ता ने बताया है कि किसानो को जो पहले व्यापारी लोग परेशान करते थे उन परेशानियो को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। तो मैं समझता हूं कि किसानो की भलाई के लिए ही सरकार ने यह कदम उठाया है।

अब यह देखना है कि आखिर एक झटका कभी मुल्क मे सूखे का पड़ गया या कही बाढ़ आ गई, कही प्राकृतिक आपदा आ गई तो उस के कारण देश में अनाज की कमी हो गयी, ऐसी हालत मे सरकार को यह देखना होगा कि हमेशा हमशा के लिए यह समस्या कैसे हल हो? मैं जहा तक समझता हूं हमारा देश कृषि प्रधान देश है और कोई कारण नही है कि अनाज की कमी यहा पर हो। मेरी समझ मे यहा की कृषि की व्यवस्था बिल्कुल गलत है और वह इस प्रकार कि जो खेती करना जानते हैं उनके पास खेत नही हैं। जो खेत मे रात दिन काम करते है वह मजदूर के रूप मे काम करते है। अगर खेत उनको दे दिया जाय जो वास्तव मे काम करते हैं खेत में तो मैं समझता हू कि ज्यादा उत्पादन हो सकता है। आज देखा क्या जाता है कि जो लोग दूसरी जगह काम करते है उन के पास बड़े बड़े खेतो के पट्टे लिखे हुए हैं और वह कभी भी स्वय खेती नही करते। कभी खेत में उतरते भी नही है। वह करते क्या हैं कि अपने खेतो को लगान पर और अधिया पर उठा देते है। वह जो लगान पर या अधिया पर खेत लेते हैं वह उस मे कोई अच्छी खाद वगैरह नही डालते, ना उसमे रासायनिक बीज डालते हैं। और ना ही उस मे ज्यादा मेहनत करते हैं, पानी की सिचाई भी कम करते हैं। इसलिये कि उनको इस बात का भय रहता है कि अगले वर्ष उन को यह खेत मिले या न मिले। यह

[श्री छोटे लाल]

एक ऐसी चीज है जो हमारे उत्पादन मे बहुत बड़ी बाधक है। इसी कारण से हमारे देश में गल्ले का उत्पादन कम होता है। आज थोड़े से लोगो के हाथो में बडे बडे खेत है। वे लोग ही अनुसन्धान किये गये नये नये बीजो का, नये नये औजारो का उपयोग करते है–प्रश्न यह है कि क्या इन बडे बडे खेत मालिको को रहने दे और वे ही अनाज की कमी की पूर्ति करे या सब को साथ लेकर चले ?

मै आप को बतलाना चाहता हू—यदि देश की नीयत इस मामले मे खराब है तो बरकत कभी नही आ सकती। यह देश हमेशा अनाज की कमी से परेशान रहेगा। करोडो खत मजदूर खेतो मे काम करता है, लेकिन उन की तरफ ध्यान नही दिया जाता। जब कभी खेत मजदूरो की बात उठती है—मै आप को बतलाना चाहता हू, यदि वे लोग किसी कारखाने मे काम करते होते, तो उन्हे बहुत सी सुविधाये मिलती, लेकिन इन खेत मजदूरो को क्या मिलता है ? उपाध्यक्ष महोदय, मै एक नया सदस्य हू, मैने पिछले दो सालो मे देखा है, अनेको बार सदस्यो ने इस बात को यहां पर उठाया है—खेत मे काम करने वाले मजदूरो की तरफ कोई ध्यान नही दिया जाता और वे आज भी भूमिहीन बने हुए है। उन को जो मजदूरी मिलती है, वह ऐसी मिलती है कि एक समय खा सकते हैं और दूसरे समय के लिये झीकते है। ऐसी स्थिति मे वे क्या काम करेंगे। जो आदमी भूखा रहेगा, वह बजाय हल को गहरा चलाने के केवल लाइन ही खींचेगा, क्योकि वह कमजोर है, उस मे शक्ति नहीं है, उसे पूरा खाना नहीं मिलता है, पूरी मजदूरी नही मिलती है, वह हमेशा मानसिक चिन्ताओ में व्याप्त रहता है, परेशान रहता है। इसलिये सरकार को चाहिये कि वह खेतो में काम करने वाले मजदूरो की ओर विशेष ध्यान दे।

मैंने 22 दिसम्बर, 1972 को जब शेडयूल्ड कास्ट कमिश्नर की रिपोर्ट पर इस सदन में बहस चल रही थी और समाज कल्याण मंत्री प्रो० नूरुल हसन साहब उस बहस का जवाब दे रहे थे, एक प्रश्न पूछा था—खेती मे काम करने वाले मजदूर अधिकतर शेडयूल्ड कास्ट्स और शेडयूल्ड ट्राइब्स के लोग हैं, उन की समस्याओं के बारे में मैंने जब कभी कोई बात रखी तो कृषि मंत्रालय कहता है कि यह समाज कल्याण की बात है, उन से कहिए। समाज कल्याण से जब कहा जाता है तो वे कहते हैं कि यह लेबर मिनिस्ट्री की बात है, उन से कहिए। लेबर मिनिस्ट्री से कहा जाता है तो वे कहते हैं कि ये अन-आर्गेनाइज्ड लेबर हैं–ऐसी स्थिति मे लोग क्या करे ? आज जितने मजदूर हैं, उतने ही मालिक हैं, मालिको का सगठन अलग है, वे लोग जबरदस्त हैं और खेत मे काम करने वाले मजदूर कमजोर हैं। इस लिए ये खेत मजदूर अपना सगठन नही बना पाते और उन के बीच में हमारे कार्यकर्ता भी नही जा पाते, न ही उन के पास धन है कि वे कार्यकर्ताओ को सतुष्ट कर सके। इसीलिए मैंने यह प्रश्न प्रो० नूरुल हसन साहब से किया था और उन्होने कहा था कि सरकार इस पर गम्भीरता पूर्वक विचार कर रही है। इस लिए मेरा आप से अनुरोध है कि आप उन की ओर विशेष ध्यान दें। मैं यह भी चाहता हू कि उन के काम करने के घन्टे निश्चित किये जायें। सुबह से शाम तक रात-दिन उन को काम करना पडता है, इस लिए उन के काम करने की अवधि निर्धारित कीजिए। मैं यह भी चाहता हू कि उन के लिए न्यूनतम वेतन आवश्यकता के आधार पर निर्धारित किया जाए।

इन शब्दो के साथ मैं कृषि तथा खाद्य मत्रालय की मांगो का समर्थन करता हूं।

*SHRI M. M. JOSEPH (Peermade) Mr. Deputy-Speaker, Sir, India is an agricultural country. Most of the people in our country, in one way or another, are connected with agriculture. In India most of the working people are agricultural labourers. Therefore, the economic prosperity of our country depends upon how much progress we achieve in agriculture In short, the basic factor of India's prosperity is agricltural prosperity and it is a fact.

Looking into the Budget you will find that the Finance Minister emphasised the need for achieving self-sufficiency in the food front. 80 per cent of our cultivable land depend upon rains. Only 20 per cent of our cultivable land gets irrigation facilities. This was stated by the Finance Minister. He emphasised the need, therefore, for increasing irrigation facilities. He also said that dry farming techniques should be evolved These things are said in his Budget Speech

But if we look at the approach to the Fifth Plan we will be disappointed. The total rate of growth envisaged is 5 5 per cent. The rate of growth envisaged in agricultural is only 3.97 per cent. Out of the total outlay the amount earmarked for agriculture is only 19 per cent. In the Fourth Five Year Plan the amount earmarked for agriculture was to the order of 20 per cent. In short, in the agricultural sector in the Fifth Plan the total allotment is less by one per cent in so far as allotment is concerned. That is the painful state of affairs that we see today. To establish a strong economic condition in the country certainly we have to give more importance to the agricultural sector and more allotment should be made.

As I mentioned earlier, 80 per cent of our cultivable land depends on rains. There are many major rivers in our country which are not harnessed to the fullest possible extent Neither the State Governments nor the Central Government have done anything decisive in this matter. Medium small-scale and major irrigation facilities should be increased by the Government. Underground water resources should be fully utilised. So far nothing has been done in this direction. Right from the north to south there should be a chain of tube-wells. Only through increasing irrigation facilities we can achieve anything in this field.

I would like to point out one more thing. As far as research is concerned it has a dominant role to play in agriculture. We have not made much headway in this field. Under the guidance of Dr. Swaminathan many research workers have been educated in the agricultural field. But most of these workers confine their work to wheat only. Even the Green Revolution was confined to wheat only. In Bengal and other eastern States and in most of the States in South India the staple food of the people is rice Research work should be extended to other foodgrains also.

In Kerala the Government has undertaken a major scheme called the Kuttanad Development Scheme for increasing rice production. We want liberal help from the Central Government. Unless help comes certainly we cannot make much progress in this.

Research should not be confied to foodgrains only. It should be extended to cash crops and commercial crops such as pepper, cardamom and other things. As far as Kerala is concerned, coconut is a major cash crop. In my constituency—Peermade—pepper is the most important commerical crop. It brings foreign exchange to our country. But the pepper crop there is withering away because of a disease. In spite of many attempts on research we have not been able to remove the disease. Pepper is known as "black gold". The Central Government must

*The original speech was delivered in Malayalam.

[Shri M. M. Joseph]

do something in the matter and root out the disease.

Ginger is another cash crop in that area. That also has been affected by a disease. The Government must take immediate action to save the crop from this disease.

Sir, in Calicut, in the northern part of Kerala, the Development Council for Spices is functioning. But this Council, I am told, is going to be wound up. The Department of Agriculture has already taken some steps to wind up this Council. I came to know about it from a letter written by the Development Council. I got a letter from them. This is a very sad state of affairs. The Department of Agriculture should not take this action.

As far as agriculture is concerned, marginal and small-scale farmers should be given more encouragement. The Government should give more help to them. More credit facilities, more agricultural implements and more fertiliser should be provided to them Then only we can increase production

Surplus land is being distributed to the landless in certain States. In Kerala we have a scheme to distribute land among the landless agricultural labourers. Only those people who will carry out agricultural operations should be given the land and others should not be given The Government should also give all facilities to those people and encourage them. As far as the agriculture is concerned we must accept the principle "sow less and reap more". That should be our motto.

15.00 hrs.

श्री बमराव अकुलवार (गुलबर्गा): उपाध्यक्ष महोदय कृषि मंत्रालय की मांगों का मैं समर्थन करता हूं और साथ ही साथ अपने विचारों को भी सदन के सामने रखना चाहता हूं। भारत एक महान कृषि प्रधान देश है जिस में 75 प्रतिशत लोग खेती पर निर्वाह करते है। लेकिन उन को अपनी खेती के लिए मौनसून पर निर्भर करना पड़ता है जो बिलकुल गैर-यकीनी है जिस की वजह से केन्द्रीय सरकार ने बड़े बड़े प्रोजेक्ट्स और छोटे प्रोजेक्ट्स का काम अपने हाथ में लिया जिस से ज्यादा से ज्यादा जमीन को आबपाशी मिले। 1951 के अन्दर 588 प्रोजेक्ट्स जो लिये गये इन में से 12 साल के अन्दर 361 प्रोजेक्ट्स ही खत्म हुए हैं जिसकी वजह से आज यह कहा जा सकता है कि 10.9 मिलियन हैक्टेयर्स जमीन को जेरे आब लाया गया है। जब कि देश के अन्दर जल सम्पत्ति बहुत है और उस को हम काम मे नहीं ला रहे हैं तो जो हमारी गति है, जो तरक्की हुई है मैं समझता हूं कि वह बिलकुल सुस्त रफ्तार मे हुई है। इस को तेज होना चाहिए क्योंकि हिन्दुस्तान की इकानामी खेती पर निर्भर है। खेती की तरक्की से ही हिन्दुस्तान की तरक्की है और इस के लिए जरूरत की तरक्की होना जरुरी है। लेकिन इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

जहां तक प्रोडक्सन का सवाल है कहा जाता है कि 1951 मे जो 500 लाख टन पैदावार थी वह आजकल 1100 लाख टन हो गई है। लेकिन जितनी तरक्की जितना इजाफा पैदावार मे होना चाहिए था वह नही हुआ। जो जमीन के अन्दर पोटेंशियलिटी है उससे फायदा नही उठाया गया।

साथ ही साथ किसानो के लिए जो सुविधाये दी जा रही है, किसान की हालत पहले ऐसी थी जैसी कि एक कहावत है कि हिन्दुस्तान का किसान कर्जे मे जन्म लेता है, कर्जे मे उस की परवरिश होती है और कर्जे में ही मर जाता है, लेकिन इस को दूर करने के लिए सरकार की ओर से बहुत सारी चीजें की गयीं, और खास कर मैं यह कहूंगा कि 1970 में जो 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया जिस से कि छोटे किसानों को कर्जा आसानी से मिले, वह हमारा मकसद पूरा नहीं हुआ, और तजुर्बा यही बताता है कि छोटे किसानों

को कर्जा नहीं मिल रहा है बल्कि बड़े बड़े किसान उससे फायदा उठा रहे हैं और ज्यादा दौलतमन्द होते जा रहे हैं। कानून की पेचीदगियों में एक सीधा सादा किसान नहीं पड़ सकता, उस के लिए वह मुमकिन नहीं है कि वह सारे कागजात बैंक के सामने पेश कर सके, इस वास्ते उन को कर्जा नहीं मिलता है। जिस तरह से बकाया रवेन्यू वसूल किया जाता है उस तरीके से जो भी बैंक का कर्जा है, उस को उसी तरह से 10 एकड़ अगर उस की जमीन है तो पहले उस का वैल्यूएशन किया जाय, इसके लिए हर जिले में वैल्यूएशन अफसर मुकर्रर किये जाये, और उसके वैल्यूएशन के आधार पर जो भी कीमत उन की जमीन की हो सकती है, मान लीजिए कि फ़ी एकड़ 1,000 रु० की कीमत है तो 10,000 रु० का वैल्युएशन सर्टिफ़िकेट अगर किसान बैंक मैनेजर के पास पेश करे तो उस को पासबुक दे दी जाए कि उस का क्रेडिट 10,000 रु० का है और जब चाहे वह रुपया ले सके। लेकिन ऐसा नही किया जा रहा है। बैंक का राष्ट्रीयकरण हुआ, लेकिन छोटे किसानो को उस से लाभ नही हुआ है। इस लिए इस मे सुधार होना चाहिए, कानून को बदलना चाहिए ताकि छोटे किसान इस का फायदा उठा सकें जिस से मालदार लोगों के दरवाजे उन को खटखटाने की जरूरत न पड़े।

जहां तक चीनी का सवाल है उस के बारे में सारे देश के अन्दर आप ने एक पौलिसी बना रखी है कि 70 फ़ीसदी चीनी कंट्रोल्ड है और 30 फ़ीसदी डी-कंट्रोल्ड है। लेकिन 70 फ़ीसदी चीनी नही मिलती है लेकिन 30 फ़ीसदी शुगर हमेशा मिलती है। इस के माने यह हैं कि जो आपकी शुगर पौलिसी है वह ठीक नही है। जितने भी व्यापारी कोआपरेटिव सोसाइटीज हैं या फ़ेयर प्राइस शोप्स हैं वे सारी की सारी चीनी का ब्लैक मार्केट कर रहे हैं। इस को बदलना चाहिए या तो आप सारी चीनी डी-कंट्रोल्ड कर दीजिए, या सारी की सारी कंट्रोल्ड कर दीजिए। जब तक इस नीति में कोई सुधार न हो तब तक शुगर का वितरण आप करें और अगर आप नहीं कर सकते हैं तो चीनी को भी-कंट्रोल्ड कर दीजिए। लेकिन अभी जो दुधारी तलवार है यह लोगों को तकलीफ़ दे रही है। और खास कर जहां अकाल है, सूखा है, वहां पर कोई आदमी चीनी नही लेता है, वहां की सारी चीनी ब्लैक मार्केट मे जा रही है। मै चाहूंगा कि इस ओर आप को ध्यान देना चाहिए।

अब मैं फौरेस्ट के बारे मे भी कुछ कहना चाहूंगा, नेशनल कमीशन आन एग्रीकल्चर की ओर से यह सिफारिश की गयी है कि हर सूबे के अन्दर एक फौरेस्ट कोरपोरेशन होनी चाहिए, उस को कर्जा दिया जाएगा और उस के तहत अफ़ौरेस्टेशन के काम लिये जायेंगे। इस सिलसिले में मैसूर सरकार ने कर्नाटक फ़ौरेस्ट कौरपोरेशन बनाया है जिस के तहत पेपर और पल्प की फ़ैक्ट्री बनाना चाहते है। उस के वास्ते उन को कम से कम 5 करोड़ रु० का कर्जा देना चाहिए ताकि हर एक जिले के अन्दर, जहां कही भी जंगलात है उस से फ़ौरेस्ट बेस्ट इंडस्ट्रीज बनायी जायें जिस से ज्यादा से ज्यादा तादाद मे मजदूरो को लगा सकें और उस का लाभ लोगों को मिल सके।

इस के साथ साथ ऐग्रो इंडस्ट्रीज कौरपोरेशन के तहत हर जिले के अन्दर ऐग्रो इंडस्ट्रीज का कारखाना होना जरूरी है।

लैंड रिफार्म के तहत जमीनों के टुकड़े किये जा रहे हैं। टुकड़े करने के साथ साथ

[श्री धर्मराव अकलपुरकर]

जब तक आप छोटे छोटे ट्रैक्टर नहीं बनायेंगे, अच्छा बीज सप्लाई नहीं करेंगे एग्रो इंडस्ट्रीज का कारखाना हर जिले में नहीं खोलेंगे, मैं समझता हूं कि लैंड रिफार्म्स से फायदा नहीं होगा। एग्रो इंडस्ट्रीज से लोगों की ज्यादा से ज्यादा मदद करने की सख्त जरूरत है।

हर एक डिस्ट्रिक्ट में एक एक एग्रिकल्चरल स्कूल का होना भी बहुत जरूरी है। देश में 75 फीसदी लोग जराअत पेशा हैं। आज पुराने खेती के जो तरीके थे उनको नजरंदाज करके मैकेनाइज्ड फार्मिंग पर जोर दिया जा रहा है खेती को माडर्नाइज किया जा रहा है, इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि लोगों को इसकी तालीम भी दी जाए ताकि वे पैदावार बढ़ा सकें इन तरीकों का इस्तेमाल करके। इसके लिए हर एक डिस्ट्रिक्ट में एक एग्रिकल्चरल स्कूल का होना निहायत जरूरी है।

इसी तरह से मैसूर में मैं एक एग्रिकल्चरल यूनिवर्सिटी की मांग करता हूं। वह भी बहुत जरूरी है।

यह कहा जा रहा है कि जो गेहूं खरीदा जा रहा है इसका डिस्ट्रीब्यूशन फेयर प्राइस शाप्स के जरिए होगा। 1 लाख 60 हजार के करीब कोआपरेटिव सोसाइटीज देश में हैं जिन में से मैं समझता हूं कि तकरीबन 50 परसेंट बिलकुल करप्ट हैं, ज्यादा से ज्यादा ब्लैकमार्केट वे करना चाहती हैं। जिस तरह से आपने प्रोक्योरमेंट के लिए एक मशीनरी बना रखी है, स्टोरेज के लिए दूसरी बना रखी है उसी तरह से आपको डिस्ट्रीब्यूशन के लिए भी अलग से एक मशीनरी बनानी चाहिए। अगर सरकार फेयर प्राइस शाप्स पर इसके लिए डिपेंड करेगी तो मैं समझता हूं कि यह एक धोखा होगा और लोगों को अनाज नहीं मिलेगा। कोआपरेटिव सोसाइटी जितनी हैं उनके खिलाफ इनक्वायरी की जाए और उन में अगर कोई गलत साबित हो जाए तो न सिर्फ उनका लाइसेंस रद्द किया जाए बल्कि उसको कड़ी से कड़ी सजा भी दी जाए।

श्री अम्बिका चरण बक्षी (जाजपुर): आज के जमाने में आदमी की सबसे पहली जरूरत खाद्यान्न की है और खाद्यान्न पैदा करने के लिए जमीन का होना बहुत जरूरी है। जमीन पर किसका अधिकार होना चाहिए? उसका होना चाहिए जो खेती करता है। जो उत्पादन करता है। जो उत्पादन करता है उसके हाथ में आज जमीन नहीं है। जमीन उनके पास है जो बड़े आदमी हैं, पैसे वाले हैं और वे शोषक वर्ग में शामिल हैं। पार्लियामेंट के मेम्बर, एम० एल० ए० तथा राजनीतिक लोगों के हाथ में आज भी बहुत जमीन पड़ी हुई है आदिवासी, हरिजन आदि जो एम पी हैं या एम० एल० ए० हैं उनके पास भी जमीन होगी लेकिन बहुत कम। दूसरों के पास बहुत ज्यादा जमीन है। स्वेच्छा से वे जमीन छोड़ना नहीं चाहते हैं। जब कानून बन जायेगा तभी किसी की जमीन ली जा सकेगी। मिनिस्टर, एम पी, एम एल ए सभी कहते हैं कि जमीन जिन के पास जमीन नहीं है उनको मिलनी चाहिये लेकिन कोई अपने आप उनको देना नहीं है। हमारी पार्टी वालों के पास भी बहुत है और विरोधी पार्टी वालों के पास भी बहुत जमीन है। कोई नहीं चाहता है कि जमीन के बारे में नए तरीके से लैंड रिफार्म किया जाए। वे नहीं चाहते है कि उनके हाथ से जमीन चली जाए क्योंकि वे समझते हैं कि इससे उनका बड़प्पन कम हो जायगा। यही वजह है कि आज तक जमीन के बटवारे के बारे में कानून जैसा बनना चाहिए बन नहीं पाया है। पच्चीस साल की आजादी के बाद भी सही तरीके से लैंड रिफार्म नहीं हुआ है। जो हुआ भी है वह भी नहीं के बराबर है। इसका कारण यही है कि बड़े बड़े लोग, शोषक वर्ग के लोग राजनीतिक लोग इसका कराना नहीं चाहते हैं, कराने नहीं देते हैं। यह सच बात है। मैं

समझता हू कि जब तक राइट टू प्रापर्टी कायम रहेगा तब तक कुछ नही बन पायेगा । गांव की जमीन गाव वालों के पास होनी चाहिये । जिन गरीब आदमियों के पास जमीन एक बीघा , आधा बीघा, दो बीघा थी भी वह भी बड़े बड़े लोगो ने हड़प ली है । मनी लैंडिंग हमारे देश मे चलता है । जब पैसा वसूल नही होता है तो केस करके गरीब लोगो की जमीन छीन ली जाती है । बहुत से तरीकों से गरीबों की जमीन ये लोग छीन कर ले जाते है । मै समझता हू कि जब तक राइट टू प्रापर्टी लैंड पर है तब तक खास कुछ नही होने वाला है । जो छोटे मोटे कानून लैंड रिफार्म के नाम पर बने भी है, वे भी कार्यान्वित सही ढंग मे नहीं हो पाए हैं । इस ओर आपका विशेष ध्यान जाना चाहिये ।

जो लेयर क्रापर होते है उनको भी आज बेदखल किया जा रहा है । वे जब बेदखल होते है तो कोई उनकी बात कहने वाला नही होता है, कोई उनकी मदद नही करता है । बटाईदारो की कोई सुनता नही है । कारण यह है कि जो बड़े लोग होते है, पुलिस वाले अफसर, कोर्ट्स आदि उनके साथ होती है । कोर्ट मे भी गरीबों की सुनवाई नही होती है, उनमे भी कुछ फायदा नही मिलता है ।

जहा लैंड रिफार्म लागू किए गए है वहां जिस की जमीन दी गई है वह उस पर कब्जा नही कर पाता है क्योंकि दूसरे लोगों का उस पर कब्जा है । जब वह कब्जा करने जाता है तो दफा 144, 145,107, सब लागू कर दी जाती है । उनको इस तरह से जमीन नही मिलती । हमारी पार्टी तथा दूसरी पार्टिया के लोग भी नही चाहते हैं कि गरीबो को जमीन मिले ।

पिछले दो सालों मे कुछ प्रगतिशील घोषणाये हुई है । 18 एकड की बात रखी गई है । यह भी उचित नही है । अगर 18 एकड़ जमीन एक परिवार के पास रहने की छूट दी जाएगी तो क्या आपने हिसाब लगाया है कि कितने आदमियों को जमीन मिल सकेगी? जो बेजमीन हैं उनकी तादाद बहुत ज्यादा है और 18 एकड से उनके हिस्से कुछ भी जमीन नही आती है । ऐसी स्थिति मे 18 एकड़ की बात झूठी बन जाती है । उडीसा में दस एकड उन्होंने रखी थी । यह एक प्रगतिशील कानून था । वहा भी यह कानून पास नहीं हो पाया और इसीलिए वहा की सरकार टूट गई । मेरी प्रार्थना है कि इस कानून को यहा पास किया जाए और जहा तक हो सके इसी सेशन में किया जाए ।

आपने क्रेश स्कीम चलाई है । आपने कहा है कि एक ,एक डिस्ट्रिक्ट मे एक एक हजार लोगो को दस महीने के लिए आप काम देंगे उनको तीन रुपया रोज मिलेगा । मैंने देखा है कि उडीसा मे अन्य स्टेट्स की तरह के जितना पैसा इस स्कीम को दिया गया है वह भी खर्च नही हुआ है । दस महीने काम भी उनको नही मिलता है । कोई कोई काम है जो दो महीने मे खत्म हो जाता है और वे बेकार हो जाते है । कान्ट्रेक्टर से आप कार्य करवाते हैं । वह उनको तीन रुपया भी नही देता है । इस ओर भी आपका ध्यान जाना चाहिए ।

इन शब्दो के साथ मै इन अनुदानों की मागो का समर्थन करता हू ।

*श्री [illegible] पटेल (दादरा तथा नगर हवेली) सभापति महोदय, मै केन्द्र शासित प्रदेश दादरा-नगरा हवेली का प्रतिनिधित्व करता हू । दादर नगर हवेली प्रदेश 90 प्रतिशत आदिवासी निरक्षर जनता का प्रदेश है । जनता का अधिकाश हिस्सा मेहनत मजदूरी करके जीवनयापन करता है । मुख्यत सभी भूमिहीन खेतमजदूर हैं । मेरे प्रदेश मे कोई खास औद्योगिक विकास नही हो पाया है । केन्द्र सरकार की ओर से कोई

*The original speech was delivered in Gujarati.

[श्री [illegible] पटेल]

औद्योगिक प्लान्ट पिछले 18 वर्षों से शुरू नहीं हुआ। मेरे प्रदेश में विपुल मात्रा में बांस होता है अतः यदि कागज सम्बन्धी उद्योग वहां डाला जाय तो वहां की पिछड़ी हुई गरीब आदिवासी जनता के लिए वह उद्योग आशीर्वाद के समान बना रहेगा।

इस प्रदेश के सर्वतोमुखी विकास के लिए लघु उद्योग एवं कुटीर उद्योग बड़े ही उपयोगी सिद्ध होंगे।

शिक्षा का प्रसारण भी नहिवत् है। वहां के लोगों की नई पीढ़ियों को शिक्षा अभिमुख करने के लिए छात्रालयों की व्यवस्था के साथ शैक्षिक संस्थाएं बड़े पैमाने पर शुरू करनी होंगी। गरीबी के कारण बच्चों की शिक्षा के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं सरकार की ओर से नि.शुल्क किये बिना चलने वाला नहीं है। वहां की जनता तकनीकी एवं पेशेवर तालीम एवं शिक्षा चाहती है। बरसों तक पोर्तुगीस शासन में गुलाम रहने के कारण इस जनता का भारी शोषण हुआ है एवं उनके ऊपर जुल्म एवं दमन हुआ है। उनका आर्थिक एवं शैक्षिक विकास नहीं हो सका, उसका मुख्य कारण भी विदेशी शासन की जकडन ही थी। 1954 में हम परदेशी शासन की हकूमत से मुक्त हुए लेकिन इस विस्तार के उत्कर्ष के लिए जितने जल्द कदम उठाये जाने चाहिये थे वे उठाये गये नहीं है। परिणामतः इस विस्तार की आदिवासी जनता आजादी के बाद भी बेचारी एवं गरीब रह गई है।

दादरा-नागर हवेली एक मुक्त प्रदेश हो जाने के बाद भी वहां के जमीनदार सूदखोर चाटुकारों जैसे स्थापित हितों की ओर से जनता पर जुल्म हो रहा है उनका शोषण हो हो रहा है। सरकारी बाबू लोगों की लाल फीताशाही एवं परेशानियों से जनता पीड़ित है। इस जनता के समूचे कल्याण के लिए छोटे व बड़े उद्योग शुरू करने के लिए निष्पक्ष लोन एवं टेक्नीकल मार्गदर्शन उन्हें मिलने चाहिये। यह सरकार का फर्ज है ऐसा मैं समझता हूं।

*SHRI APPALANAIDU (Anakapalli) Mr. Chairman, Sir, while supporting the demands for grants of the Ministry of Agriculture I would like to bring a few points to the notice of Minister through you. The fact that the fishery industry is backward in our country cannot be denied. Just now hon. Minister Mr. Shinde while

*The original speech was delivered in Telugu.

intervening said that we are exporting fish worth 58 crores. It is very encouraging to know that. However, I would like to submit here that there is a difference in the development of fishery industry between the East Coast and the West Coast. I am very sorry that this industry could not be developed in the East Coast to the extent that it is developed in the West Coast. Some time back the Minister stated that the State Government are not taking enough initiative as such, the Centre cannot do much in the matter. Whatever may be the reasons, as an alround development in all fields is our aim, it is necessary for the Centre also to see that no area in this country is left lagging behind in the matter of progress.

If you see the conditions of fishermen in the East Coast they are heartrending. They do not have the facilities even for the minimum necessities of life like fresh water, housing, clothing etc They do not have cold storage facilities nor they have good transport facilities to transport the product to the markets nearby. The conditions are so bad that after the fishermen reach home with the catch, the ladies take them on their heads in small baskets and reach the nearby towns for selling them after walking for five to six miles. Then only they would be in a position to feed themselves. If you ask my honest opinion, I would submit that these fisher folk depend on very meagre income. Unless they earn something every day they cannot provide food for themselves. This is a very sad state of affairs. I therefore submit that the necessary infrastructure should be developed so that fishery could progress well.

Estimates for a fishing harbour in Visakhapatnam have been submitted two years back to the Government. These proposals have not yet been finalised. Fishing harbour is linked up with outer harbour. I submit that this harbour should be simultaneously taken up with the construction of the outer harbour and completed. Otherwise the estimates may swell from 3 crores initially to 7 or 8 crores, because of the rising prices. I therefore submit that the Minister should be kind enough to see that this fishing harbour project is taken up and completed early.

I would like to submit further that the State of Andhra Pradesh has submitted 7 other small projects to the Centre. I understand that these proposals have been sent to the UN Aid authorities for scrutiny and sanction. Two of these projects have already been studied. I request that the Centre should expedite the sanction of these projects.

Recently I visited Andamans islands There is great scope for advancement of fisheries. I came to know that people from other contiguous countries come and illegally fish in our waters. As these islands are under the direct control of the Centre much can be done to develop fisheries there. The Centre should create cold storage facilities and suply trawlers for development of deep sea fishing. I know the waters around these islands abound in fish, particularly a variety known as "Tuna". I therefore submit that the Government should take steps to exploit this source. I am sure we will be able to earn considerable amount of foreign exchange by exporting this variety of fish. In this connection I would request that the Government should hand over all those trawlers which have been impounded from the illegal fishers of other countries and hand them over to the Fisheries Department. At present I understand that these trawlers are being handed over to the Police Department.

Coming to my constituency, the farmers there grow considerable amount of sugarcane and convert into jagary. Last year, due to the unsettled conditions and failure of transport facilities a serious situation has developed now. Jagary stocks worth Rs. 2 crores have piled up and is causing anxiety to the farmers as well as the business community. I therefore

[Shri Appalanaidu]

request that this Ministry in liaison with the Ministry of Railways may please see that the wagons are provided on a priority basis to this area so that these accumulated stocks could be cleared. I conclude by thanking you for giving me this opportunity to speak.

श्री चंद्रिका प्रसाद (बलिया) : कृषि मंत्रालय की बजट मांगों का मैं समर्थन करता हूं । भारतवर्ष कृषि प्रधान देश है । मैं समझता हूं कि 25 साल में हमारी सब से बड़ी सफलता यह कही जायेगी कि भारत सरकार ने देश के लोगों को भोजन देने की व्यवस्था करने के लिये गेहूं का थोक व्यापार अपने हाथ में लिया है । यह बहुत ही सराहनीय और ऐतिहासिक कदम है । इसके लिए जितनी सरकार की प्रशंसा की जाए थोड़ी है । हमारे विरोधी भाई जिन में विशेष कर जन संघ शामिल है वे इस पर दुखी हैं । कारण यह है कि उनकी पार्टी को क्षति पहुंची है । साथ ही जो प्रतिक्रियावादी शक्तियां हैं वे इस साहसी कदम का विरोध कर रही हैं । देश को खिलाना है तो इससे अच्छा और उत्तम कदम कोई दूसरा नहीं हो सकता था । कहीं कहीं पर यह सवाल उठाया जाता है कि किसानों को रेट बहुत कम दिया जा रहा है और मांग हो रही है कि इसको बढ़ाया जाए । लेकिन हमारे क्षेत्र के, पूर्वी अंचल के लोगों का कहना है कि रेट नहीं बढ़ाना चाहिये, रेट बिल्कुल ठीक हैं लेकिन किसान को जो उसकी आवश्यकतायें हैं जैसे कपड़ा है, डालडा है, चीनी है, लोहा है, सिमेंट आदि हैं, ये सब चीजें परचेजिंग सेंटर पर, जहां वे हैं वहीं पर कंट्रोल रेट पर देने की व्यवस्था की जाए ताकि किसानों का साहस बढ़े और उनकी हिम्मत बढ़े । उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति की गई तो इससे सभी को लाभ होगा ।

उत्तर प्रदेश सब से बड़ा सूबा है । उसका क्षेत्रफल 294 हजार वर्ग किलोमीटर है । इसमें से 12,600 वर्ग किलोमीटर इलाका पानी से ढका हुआ है जो कि प्रान्त के कुल क्षेत्रफल का 4.2 प्रतिशत होता है । एग्रिकल्चर के तहत 63 प्रतिशत इलाका है और जंगलात के तहत 13 प्रतिशत । लेकिन इतना होने पर भी इस प्रदेश की उपेक्षा की गई है । जो बजट दिया गया है उसमें पेज 30 पर लिखा हुआ है :

"It is proposed to set up Fish Farmers Development Agencies on a pilot scale in five selected districts in the States of West Bengal, Assam, Bihar, Mysore and Madhya Pradesh under a Central Scheme."

उत्तर प्रदेश को इस में बिल्कुल छोड़ दिया गया है जब कि हमारे यहां बहुत भारी वाटर रिसोर्सिस हैं जहां पर गंगा, घाघरा, गोती जैसे दरिया बहते हैं । हम से और बिहार से लगा हुआ मार्किट कलकत्ता का है । हमारे यहां पर लेबर ओरियंटिड स्कीमों को हाथ में लिया जा सकता है जोकि गरीबी हटाने की साधन बन सकती हैं । उत्पत्ति के साधन हमारे पास मौजूद हैं । लेकिन अगर हमें एडिशनल रिसोर्सिस मुहैया कर दिएं जाएं तो बड़ा भारी काम हो सकता है । इधर ध्यान नहीं दिया गया है । बड़ी भारी हमारी उपेक्षा हो रही है । विशेषकर जो मल्लाह हैं और जो मछली मारने का काम करते हैं उनकी संख्या हमारे क्षेत्र में पचास हजार है । वे पानी में खेती करते हैं, पानी पर काम करते हैं । उनको किशरीज के राइट नहीं हैं । बिहार का हमारा कुछ हिस्सा उत्तर प्रदेश में आ गया है । दोनों किनारे अब उत्तर प्रदेश में आ गए हैं । उत्तर प्रदेश में दूसरी जगह इसका ठेका नहीं दिया जाता है लेकिन यहां

ठेका दिया जा रहा है। जिस तरह से किसान को खेती करने का अधिकार है उसी तरह से उनको भी जल में खेती करने का, फिशरीज का अधिकार दिया जाना चाहिये की फिशिंग राइट उनको मिलना चाहिये। आर्थिक सहायता उनको दी जानी चाहिये। मछलियों की बड़ी भारी झील सुरा है। वहां उसके आसपास टैंक भी बने हैं। वहां बाबू लोग कहते हैं कि हमें पैसा दो तब हम मछलियां पकड़ने देंगे। मैं मांग करता हूं कि जैसे किसान को खेती करने का अधिकार है वैसे ही इन मल्लाहों को मछली मारने का अधिकार होना चाहिये और इस झील को आपको एक्वायर कर लेना चाहिये।

हमारा सूबा सब से बड़ा है। वहां पर एक पन्त यूनिवर्सिटी है। भौगोलिक दृष्टिकोण से उत्तर प्रदेश के पांच हिस्से होते हैं। इन सभी पांच हिस्सों की जलवायु अलग अलग है। जन संख्या हमारे प्रान्त की सभी प्रान्तों से ज्यादा है। भौगोलिक दृष्टिकोण से हमारे यहां चार एग्रिकल्चरल यूनिवर्सिटियां और होनी चाहियें। इस ओर आप ध्यान दें।

हमारे प्रान्त की आबादी के लिहाज से वहां उर्वरक के कारखाने भी नहीं हैं। उर्वरक के दो और कारखाने आपको उत्तर प्रदेश को देने चाहियें।

श्री हरी सिंह (खुर्जा) : अभी मैंने कृषि विभाग से राज्य मंत्री के भाषण को सुना है। उन्होंने हिन्दुस्तान में कृषि जन्य वस्तुओं की उत्पत्ति के मामले में बड़ा आशावादी चित्र खींचा है। उससे तो ऐसा मालूम पड़ा कि वास्तव में हिन्दुस्तान में तरक्की हो रही है। भाषण को सुन कर तो सन्तोष हुआ। लेकिन क्या कभी सरकार ने सोचा है कि प्रति हेक्टर हमारे देश में औसत पैदावार क्या है और जापान, अमरीका, कनाडा, अरजेंटीना में क्या है? महज नारा लगा देने से हम गल्ले में आत्मनिर्भर नहीं हो सकते हैं। अगर खेती में लगे हुए परिवारों को रोजी-रोटी के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है तो ऐसा तभी हो सकता है जैसे जापान ने किया है। जापान के किसान के पास अगर आठ एकड़ जमीन भी होती है तो वह बड़े कैपिटलिस्ट की तरह, कारखानेदार की तरह से जिन्दगी गुजारता है। हमारा प्रति हेक्टर उत्पादन दुनिया में सब से कम है।

देश में यह बताया गया है कि फर्टिलाइजर की कमी है। फर्टिलाइजर एसोसिएशन आफ इंडिया ने एक सर्वे किया था और उसके आधार पर अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बारह फर्टिलाइजर प्लांट और हों तब गैप को पूरा किया जा सकता है। क्या आप फर्टिलाइजर की कमी को पूरा करने के लिए इस रफ्तार से काम करेंगे? दसियो सालों के बाद कोरबा के कारखाने का श्रीगणेश हुआ है। आज हिन्दुस्तान का किसान दुनिया के किसानों की पंक्ति में सब से गरीब किसान माना जाता है। दुनिया में शायद ही कोई ऐसा मुल्क होगा, जिसकी जमीन सोना उगलती हो, लेकिन जिसका किसान इतना गरीब हो। इतनी अच्छी धरती होने और इतनी मेहनत करने के बाद भी किसान गरीब क्यों रहे?

मेरा जिला बुलन्दशहर यहां के बारह चौदह मील की दूरी पर है। वह जिला दिल्ली की डी० एम० एस० को चालीस प्रतिशत दूध सप्लाई करता है। इसके अलावा वहां से ग्लैक्सो कम्पनी को भी दूध मिलता है और प्राइवेट तौर पर भी काफी दूध वहां से आता है। वहां दूध का उत्पादन काफी मात्रा में होता है और उसके लिए वहां सब सुविधाएं उपलब्ध हैं। वहां बहुत से लोगों ने यह धन्धा अपनाया हुआ है। मेरा सुझाव है कि हमारे जिले में दूध की कोई सैंट्रल स्कीम या डेरी कायम की जाये। वहां इसके लिए उपयुक्त स्थान मौजूद है।

[श्री हरी सिंह]

कुछ माननीय सदस्यों ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कृषि विश्वविद्यालय बनाया जाना चाहिये । आबादी और पढ़ने वालों की संख्या के लिहाज से तो उत्तर प्रदेश में कम से कम चार कृषि विश्वविद्यालय बनाना बहुत आवश्यक है । हमारे जिले में नवाबगंज डिग्री कालेज एक बहुत पुराना कृषि डिग्री कालेज है । उस कालेज में पढ़े हुए लोग हिन्दुस्तान के लगभग हर एक भाग में कृषि विभाग में काम कर रहे हैं । मेरा सुझाव है कि उस कालेज को कृषि विश्वविद्यालय बना दिया जाये । उसके पास जमीन, साधन और एक्विपमेंट है । सरकार को बड़ी गम्भीरता से इस पर विचार करना चाहिए ।

मंत्री महोदय ने कहा है कि उन्हें अपनी सर्विसिज पर बड़ा भरोसा है और उनका विभाग बहुत एफिशेंटली काम करता है । लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि लखनऊ में राज्य स्तर का जो कृषि विभाग है, उसमें भ्रष्टाचार का बोल-बाला है । बुलन्दशहर में एफ० सी० आई० में बहुत सी नौकरियों के लिए एक इन्टरव्यू हुआ । उस इन्टरव्यू के लिए लखनऊ से जो टीम आई, उसमें जिला बुलन्दशहर का एक अधिकारी भी था । उन लोगों ने खूब शराब की दावतें उड़ाईं, रिश्वतें लीं और सिर्फ अपने भाई-भतीजों को ही सिलेक्ट किया । जिन उम्मीदवारों का इन्टरव्यू बुलन्दशहर में हुआ, उन में से किसी को नहीं लिया गया । हापुड़, मेरठ, लखनऊ और बनारस से लोगों को चुन कर लिया गया । अगर उन नगरों के लोगों को ही रखना था, तो फिर बुलन्दशहर में उनका इन्टरव्यू क्यों किया गया और क्यों उस पर उनका रुपया खर्च कराया गया ? मेरी जानकारी है कि अधिकारीगण रिश्वत में हजारों रुपये कमा कर ले गये । हमारे जिले का एक अधिकारी पहले हापुड़ में डिस्ट्रिक्ट मैनेजर था । उसके बाद उसका तबादला हरियाणा में हुआ । फिर वह वापस गया और इसके बाद वह लखनऊ आ रहा है । उसने हमारे यहां बहुत ज्यादा भ्रष्टाचार और अन्याय मचा रखा है । गवर्नमेंट को उस के यहां छापा मार कर पता लगाना चाहिए कि उसने कितना रुपया पैदा किया है ।

हाल ही में माननीय मंत्री, श्री मिश्रा, ने कहा है कि सर्विसिज में कुछ चेंज करने की जरूरत है । मेरा सुझाव है कि कृषि विभाग में नौकरियों के लिए उन उम्मीदवारों को प्रायटी देनी चाहिए, जिन के परिवारों में खेती होती हो । जो लोग केवल कागज पर खेती करते हैं, वे कृषि विभाग का काम सुविधा और दक्षता से नहीं कर सकते हैं ।

इन शब्दों के साथ मैं कृषि मंत्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं ।

श्री गंगा चरण दीक्षित (खंडवा) : सभापति महोदय, कृषि मंत्रालय ने जो कुछ कार्य किया है, वह सराहनीय है । लेकिन योजना आयोग ने मई, 1972 में 'पांचवीं योजना के प्रति दृष्टिकोण" नाम की एक रिपोर्ट निकाली है, जिसमें उस ने यह स्वीकार किया है कि निर्धनता की रेखा के नीचे अपना जीवन गुजारने वालों की संख्या आज भी उतनी ही है, जितनी कि दो दशक पहले थी । क्या कारण है कि उन्नत बीज, सिंचाई के साधन और कीटनाशक औषधियां आदि सुविधायें होते हुए भी निम्न स्तर पर जीवन बिताने वाले लोगों की संख्या आज भी उतनी है, जितनी कि दो दशक पहले थी ?

इस में कोई शक नहीं है कि हम ने उत्पादन में बहुत ज्यादा तो नहीं, लेकिन

बहुत कुछ काम किया है । लेकिन यह उत्पादन किस ने किया ? क्या यह उत्पादन उन गरीबों और छोटे काश्तकारों ने किया है ? या यह उत्पादन उन काश्तकारों ने किया है, जिन के पास सिंचित भूमि है, जिन के पास कीटनाशक औषधियां प्राप्त करने के लिए साधन हैं और जिन के पास उन्नत बीज खरीदने की क्रय-शक्ति है ? यह उत्पादन उन छोटे और सीमान्त काश्तकारों से नहीं किया हैं, जिन को न ये सब साधन मिले और न किसी प्रकार की उन्नति कर पाये ।

मंत्री महोदय के भाषण से मैंने यह तथ्य निकाला है कि हम ने भौतिक उपलब्धियां तो प्राप्त की हैं, लेकिन हम मानवीय उपलब्धियां प्राप्त करने में असफल रहे हैं, जैसी कि चाइना और जापान में प्राप्त की गई हैं । चाइना ने 1949 में आजादी प्राप्त की, लेकिन उस के बाद वह तीन साल के अन्दर ही स्वावलम्बी हो गया । उस का एक कारण यह था कि उस ने हाफ-एंड-हाफ स्कूल खोले, जिन में तीन घंटे की कृषि की शिक्षा अनिवार्य थी । जापान की हालात 1946 में बहुत ही खराब थी, लेकिन उस 830 सीनियर हाई स्कूल के स्तर के कृषि विद्यालय खोले, जिन में 1960 तक 59,000 लड़के हाई स्कूल तक शिक्षा प्राप्त कर के कृषि में दक्ष हो गये । वहां पर तीस राजकीय विद्यालय हैं, जिन के कृषि शिक्षा के विभाग खोल दिये गये । वहां से हर साल छः हजार लड़के कृषि शिक्षा में निपुण हो कर निकलते हैं । आज हमारे यहां कृषि मंत्रालय के अन्तर्गत कितने लोग हैं, जो कृषि की शिक्षा प्राप्त करते हैं ? हमारे देश में काश्तकारों तथा अन्य साधारण लोगों को केवल छिछला ज्ञान है । अगर कोई बांध टूटता है या मशीन टूटती है, तो काश्तकार उस की मरम्मत करने में असमर्थ होता है । उस के लिए उस को बाहर जाना पड़ता है और उस पर खर्च करना पड़ता है । उस को इतना ज्ञान नहीं है कि वह अपने पम्प को जोड़ सके या अपने यन्त्र को ठीक कर सके । हम ने यन्त्रीकरण किया है, लेकिन हम ने लोगों को यन्त्रों को समझने की जानकारी और क्षमता नहीं दी है । 1946 में जिस वक्त जापान में भूमि सुधार कानून बना उस वक्त दस में से नौ काश्तकार ऐसे थे जो कि उस कानून को समझ सकते थे । आज हमारे यहां काश्तकार के लिए जो कानून हम बनाते हैं, जिन का लोगों का हम निर्माण करते हैं उन के समझने की ताकत कितने आदमियों में है ? कितने काश्तकार ऐसे हैं जो उन को समझ सकते हैं ? मैं समझता हूं दस में से एक भी नहीं है जिन को अपने लिए बनाए गए कानूनों को समझने की ताकत हो । तो हमें चाहिए कि भौतिक पूंजी के निर्माण के साथ साथ मानव पूंजी के निर्माण की तरफ भी आसन ध्यान दे ।

18.00 hrs

अब मैं दो शब्द मध्य प्रदेश के बारे में भी कहना चाहता हूं । मध्य प्रदेश विस्तार की दृष्टि से बहुत बड़ा है । अभी हमारे भाई ने बताया उत्तर प्रदेश के बारे में । इस में कोई शक नहीं कि जहां तक जनसंख्या का सवाल है वह सब से बड़ा प्रदेश है । लेकिन विस्तार की दृष्टि से मध्य प्रदेश भारत में सब से बड़ा राज्य है । उस के पास विशाल साधन हैं । लेकिन उन साधनों के दोहन के लिए जब हम कोशिश करते हैं तो वित्तीय विवशताएं ऐसी बेकारी और ऐसी निराशा की भावनाएं हमारे हृदय में पैदा कर देती हैं कि हमारा मध्य प्रदेश कुछ काम नहीं कर पाता है । मैं चाहता हूं कि केन्द्र से अधिक से अधिक सहायता मध्य प्रदेश को मिले । 184 लाख हेक्टर जमीन उस के पास है जिस में वह काश्त कर सकता है । 64 लाख जोतों में वह बंटा हुआ है । मध्य प्रदेश में सिंचाई केवल आठ प्रतिशत है जब कि आल इंडिया एवरेज

[श्री मंगा चरण दीक्षित]

सिंचाई का 25 प्रतिशत है । तो इस के लिए उस को आज्ञन ज्यादा से ज्यादा मदद देने की कृपा करे ताकि मध्य प्रदेश अपने पिछड़ेपन की संज्ञा से मुक्त हो भारतवर्ष का कामधेनु हो सके ।

MR CHAIRMAN: We have an half hour discussion.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI K. RAGHU RAMAIAH): I suggest that we continue this debate 10 or 15 minutes as there are three more Members who want to speak before we close this debate. I had appealed to the opposition and they have agreed.

MR. CHAIRMAN: If the House agree, we may do so. Shri Ramavatar Shastri.

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सभापति जी, वर्षों के आन्दोलन के बाद सरकार ने पहली अप्रैल से गेहूं के थोक व्यापार को अपने हाथ में लिया । हमारी पार्टी ने इस का स्वागत किया है । बाजार में गेहूं इस साल 3 करोड़ टन बिकने की उम्मीद है जिस में से 80 लाख टन सरकार खरीदना चाहती है । सरकार का इस कदम का देश की तमाम प्रतिगामी शक्तियां विरोध कर रही हैं और यह सरकार के लिए कसौटी है कि सरकार इस में सफल होती है या विफल होती है । सरकार इस काम में सफल हो, इस के लिए जन-आन्दोलन तैयार करने की जरूरत है । और मैं चाहता हूं कि सरकार अगर सचमुच में गेहूं का थोक व्यापार अपने हाथ में लेने के निश्चय को सफल बनाना चाहती है तो वह निम्नलिखित कदम जरूर उठाए :

(1) इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी खाद्यान्नों के थोक व्यापार को सरकार अपने हाथ में ले । केवल गेहूं के थोक व्यापार को हाथ में लेने से काम नहीं चलेगा ।

(2) बड़े जमींदारों और धनी किसानों पर प्रोग्रेसिव लेवी लगाई जाये क्यों कि इस के बिना लक्ष्य की पूर्ति नहीं होगी । अभी सरकार गरीब किसानों पर लेवी लगाना चाहती है वह इस नीति को छोड़े ।

(3) खुदरे दुकानदारों को देहातों से गेहूं खरीद की इजाजत न दी जाय तथा उन के द्वारा बेचे जाने वाले गेहूं का दाम निश्चित कर दिया जाय ।

(4) चावल और आटा मिलों के स्टाक पर सरकार पूरा नियंत्रण रखे ।

(5) सभी शहरों में राशनिंग की व्यवस्था शुरू की जाय तथा गावों में बड़े पैमाने पर सस्ते राशन की दूकान खोली जायं ।

(6) भूमि सुधार कार्यक्रम को तेजी से लागू किया जाय ताकि बड़े जमींदारों और धनी किसानों की जमाखोरी की शक्ति को तोड़ा जा सके ।

(7) जनता के सहयोग से छिपे गल्ले को निकालने का अभियान चलाया जाय ।

(8) थोक व्यापारियों को दिए गए लाइसेंस रद्द किए जायं ; और

(9) खाद्य निगम में घुसे जमीदारों एवं थोक व्यापार के टेक ओवर के विरोधियों को उस में से निकाला जाय ।

जब तक ये कदम आप नहीं उठाएंगे आप का यह लक्ष्य पूरा नहीं होगा । इन कदमों को उठाइए । हिन्दुस्तान की तमाम प्रगतिशील शक्तियां आप का समर्थन करेंगी और सही मानें में आप इस को सफल बना सके तो देश को आगे बढ़ा सकेंगे । चोरबाजारी और गल्ला छिपाने की नीति को आप इस के द्वारा खत्म कर सकेंगे ।

श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूली (टिहरी गढ़वाल) : सभापति महोदय, मैं कृषि मंत्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं और बधाई देता हूं कि फूड ग्रेन्स के होलसेल ट्रेड को बड़ी सफलता के साथ उन्होंने हाथ में लिया है । यद्यपि हमारे देश की कुछ प्रतिगामी शक्तियां एक तरफ गावो के किसानों को कहती हैं कि आप को ठीक पैसा नही मिलेगा और दूसरी तरफ कन्ज्यूमस को कहती हैं कि आप को अनाज नही मिलेगा, किन्तु इस के बावजूद यह योजना काफी सफल रही है और जनता ने इस का स्वागत किया है । मेरे ख्याल में अब तक के इतिहास में किसान को कभी भी 76 रुपये क्विंटल का दाम नही मिला जो आज सरकार ने देने का प्रावधान किया है । कृषि मंत्रालय की सफलता इस बात पर निर्भर करती है देश खाद्यान्न के मामले में आत्म-निर्भर हो और हम को किसी के आगे हाथ न फैलाना पड़े । इस के साथ ही यह भी आवश्यक है कि देश के अन्दर कृषि में काम करने वाले मजदूरों की स्थिति में सुधार हो, इस को भी देखा जाय । 1951 में देश में 2 करोड़ 70 लाख भूमिहीन किसान थे जिन की संख्या बढ़ कर 1961 में 3 करोड़ 10 लाख हो गई । 1971 में यह संख्या बढ़ कर 4 करोड़ 75 लाख हो गई । उन में से उत्तर प्रदेश में 55 लाख भूमिहीन मजदूर हैं । यह संख्या बढ़ती चली जा रही है । आज भी 62 प्रतिशत व्यक्ति ऐसे हैं जिन के पास दो हेक्टर या उस से कम भूमि है । उन को भूमि दिलाई जानी चाहिए ।

भूमि सुधार कानून सब जगह समान रूप से लाग् किया जाना चाहिए । क्रैश प्रोग्राम की सफलता के लिए मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं जिस में कि 8 करोड़ मेन डेज का 1971-72 में काम हुआ । और इस वर्ष अभी तक जो आंकड़े मिले हैं, दिसम्बर तक के, उस में से 7 करोड़ को काम मिला है । किन्तु जहां तक इस क्रैश प्रोग्राम का सवाल है, सारे देश में चूंकि समान स्थिति नहीं है, जैसे खास करके पहाड़ के इलाके में मैदानों से भिन्न स्थिति है, इसलिए वहा के लिए क्रैश प्रोग्राम की पद्धति भिन्न होनी चाहिए । पहाड़ों में सड़के बनाने के लिए मैदानों से कही अधिक रुपया खर्च होता है । इसलिए मेरा अनुरोध है कि पहाड़ों में क्रैश प्रोग्राम के लिए मैदानों से अधिक पैसा दिया जाना चाहिए ।

हमारी नेशनल फारेस्ट पालिसी में आमूल चूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है । आज सरकार की नीति है कि पहाड़ों में जगलो से अपनी आमदनी बढ़ाए और मैदानों को फ्लड से बचाए । किन्तु वह इस बात के ऊपर ध्यान नही देती है कि पहाड़ों को वनो में लाभ हो । मैं खास कर के हिमालय के पहाड़ी क्षेत्र के बारे में निवेदन करना चाहता हूं जहां वन सब से अधिक संख्या में विद्यमान हैं । वहां वनों का किस तरह के विकास किया जाय इस की ओर समुचित ध्यान नहीं दिया गया है । सरकार अपनी आमदनी की तरफ तो देखती है किन्तु स्था . . . ।

[श्री परिपूर्णा नन्द पैन्यूली]

जनता को जो उसी पर निर्भर करती है, उन्हें उन वनों से किस प्रकार लाभ हो उस के बारे में नहीं सोचती । यह तभी सम्भव है जब कि नेशनल फारेस्ट पालिसी में आमूल चूल परिवर्तन हो ।

इस संदर्भ में मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के उन इलाकों में जो लोग वनों के आस पास रहते हैं उन के बच्चों की शिक्षा भी इस प्रकार से हो कि उन्हें फारेस्ट की एजूकेशन मिले, हार्टीकल्चर वहां पर पढ़ाई जाय ताकि वनों से पैदा होने वाली सम्पत्ति का वे लोग उपयोग कर सकें और उस के आधार पर अपना जीवन यापन कर सकें ।

हमारे यहां आल इंडिया कोआर्डिनेटेड रिसर्च प्रोजेक्ट आन ड्राईलैंड ऐग्रीकल्चर लागू किया जाना चाहिए । उत्तर प्रदेश के पहाड़ी इलाके खास कर के टिहरी गढ़वाल जिले में जो कि सूखा इलाका है, वहां पर इस योजना को लागू किया जाना चाहिए और इस के साथ ही सौयल कन्जर्वेशन का प्रोग्राम लागू किया जाना चाहिए । इस को कैश प्रोग्राम में लागू कर या नागालैंड में जिस पद्धति से लागू किया हैं उस का प्रवेश वहां पर भी कराएं । उस से एक तो सोयल ईरोजन रुकेगा और दूसरे, लोग वहां रोजगार अधिक से अधिक संख्या में पा सकेंगे ।

एक और महत्वपूर्ण निवेदन है कि उत्तर प्रदेश के पहाड़ी इलाके, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और काश्मीर इन तीनों में कैश क्राप फल सब्जियां एक अरब से अधिक रुपये की पैदा होती हैं किन्तु दुर्भाग्य की बात है कि मिडिल मैन इन को एक्सप्लायट करता है और पहाड़ के लोगों के पल्ले कुछ भी नहीं पड़ता ।

आप ने गेहूं और गन्ने के भाव निर्धारित किये हैं, इसी प्रकार केन्द्रीय सरकार को इन चीजों के लिये भी प्राइस गारन्टी देनी चाहिए । पहाड़ के लोगों को ट्रान्सपोर्ट सब्सिडी देनी चाहिये, क्योंकि वहां की यही एक मात्र इण्डस्ट्री हो सकती है, जिस के आधार पर वे लोग जीवित रह सकते हैं । जब तक केन्द्रीय स्तर पर नीति निर्धारित नहीं करेंगे, लोग आत्मनिर्भर नहीं हो सकेंगे ।

उत्तर प्रदेश इतना बड़ा प्रदेश है, लेकिन आप ने उस को दूसरे छोटे छोटे प्रान्तों के बराबर रख दिया है । जिस तरह से दूसरे प्रदेशों में दो-दो बैकवर्ड जिलों को मार्जिनल फार्मर्स स्कीम, स्माल फार्मर्स स्कीम, ड्राउट स्कीम और दूसरी स्कीमों का प्रावधान किया है और किसानों को इन्सेन्टिव दिया है, उसी तरह से आप ने उत्तर प्रदेश में भी दो जिलों को चुना है । मैं आप को बतलाना चाहता हूं - खाली उत्तर प्रदेश के पहाड़ी इलाकों की जनसंख्या हिमाचल प्रदेश की जनसंख्या से अधिक है और कई प्रान्त तो ऐसे हैं जो हमारे एक छोटे से जिले के बराबर हैं, फिर भी उत्तर प्रदेश के किसी भी पहाड़ी जिले में आपने ऐसी योजना लागू नहीं की है । अब समय आ गया है जब कि कृषि मंत्रालय को अपनी नीतियों में आमूल-चूल परिवर्तन करना चाहिये ।

पंत नगर कृषि विश्वविद्यालय नैनीताल में है, कहने को तो पहाड़ में है, लेकिन मेरे ख्याल से एक प्रतिशत भी पहाड़ के विद्यार्थी उस से लाभान्वित नहीं होते । मैं चाहता हूं कि पंत नगर विश्वविद्यालय की शाखायें पहाड़ी इलाकों में खोली जायं तथा हाई स्कूल और इन्टरमीडियेट के विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा दी जाये ताकि वे उस शिक्षा को प्राप्त करने के बाद आत्मनिर्भर बन सकें और अपनी खेती को सम्भाल सकें ।

इन शब्दों के साथ मैं कृषि मंत्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं ।

श्री भागीरथ भंवर (झाबुआ) : सभापति जी, आप शायद बहुत कम समय देंगे इस लिये कुछ प्रश्न ही कर सकूंगा । शासन की ओर से यह कहा जाता है कि सरकार द्वारा लिये गये थोक व्यापार को असफल बनाने के लिये विरोधी दल प्रयास कर रहे हैं । मैं आप को चेतावनी देना चाहता हू यदि आप इस काम को असफल बनायेंगे तो सब से पहले वे लोग होंगे जो आप के कांग्रेसी हैं और व्यापारी के रूप मे सब जगह फैले हुए हैं, जो मुनाफाखोरी करते हैं, कालाबाजारी करते हैं । दूसरे वे होंगे जो भ्रष्ट अधिकारी हैं, चाहे नीचे काम करते हो या ऊपर काम करते हों, उन्ही के द्वारा यह असफल हो सकता है, क्योंकि सब जगह लोग परेशान हो रहे हैं, समय पर लोगो को अनाज नही मिलता है । मैं चाहता हू कि आप सब से पहले अपनी मशीनरी को ठीक करें, अपने स्टाफ को बढायें और व्यवस्थित रूप से लोगो को अनाज मिले इस बात की कोशिश करें ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हू कि सूखे से निबटने के लिये मध्य प्रदेश को केन्द्र की तरफ से अभी तक कोई पर्याप्त राशि नही दी गई है और न ठीक से उस प्रदेश का अध्ययन किया गया है । इस सम्बन्ध में मध्य प्रदेश विधान सभा मे भी चर्चा हुई है—वहा के लोगो में भी बडा असन्तोष है । इस लिये आप इस सम्बन्ध मे यह बतायें कि मध्य प्रदेश मे सूखे से निबटने के लिये आप कितना पैसा दे रहे हैं ।

आप ने सीलिंग के सम्बन्ध में कानून पास किया है, अगल अलग प्रदेशो ने अलग अलग नियम बनाये हैं, लेकिन उस में अभी तक कोई भी प्रगति नही हुई है । हर जगह जाली रजिस्ट्रियां हुई हैं, लोगों ने उन जमीनो को छिपा लिया है, मतलब नकली नामो से हड़प लिया है । इस की जांच करवानी चाहिये तथा राज्य सरकारों को निर्देश दिया जाना चाहिये कि वे ऐसी जमीनों को निकाल कर गरीब हरिजनो, आदिवासियो में बाटें ।

आप जो कुछ भी निर्णय करते है, इस सदन में या राज्य विधान सभाओ में बैठ कर निर्णय करते हैं । कृषि के सम्बन्ध में जो भी नीति आप निर्धारित करते हैं, नीतिया आप की अच्छी हैं, उद्देश्य अच्छे हैं, लेकिन यहां पास हो जाने के बाद वे कानून कागजो मे ही रह जाते है, दफ्तरो मे रखे रहते हैं, उन पर अमल नही होता है । ग्राम-सेवक या स्टाफ के दूसरे लोग जो खेती की पैदावार के लिये लगाय जाते हैं, उन मे करप्शन व्याप्त है । खाद आता है, उस को बेच कर खा जाते हैं, बीज आते हैं उन को बेच कर खा जाते है और समय पर ये चीजें न मिलने मे कृषक बेचारा परेशान फिरता है, कर्जदार बन जाता है ।

आप ने हिसाब लगाया होगा कि खेती पर कितना पैसा खर्च आता है, कितना पैसा खाद पर लगता है, बीजो पर लगता है, पानी पर लगता है, बिजली पर लगता है । आप ने 76 रु० से 82 रु० का भाव निर्धारित किया है—क्या यह उचित है ? आज चीजो के बाजार भाव क्या है, क्या इस भाव को दृष्टि मे रखते हुए उसे तमाम चीजे बाजार में उचित मूल्यो पर मिल जाती है ? अगर कृषि के साधन सस्ते दामो पर बाजार में मिल जाय, तो कोई भी कृषक आप से अधिक पैसा नही मागेगा, अन्यथा असन्तोष बढेगा और इस का नतीजा यह होगा कि कृषक खाद्यान्न की बजाय दूसरी चीजे पैदा करना शुरू कर देगा, इससे लोगो को अनाज के लिये परेशानी उठानी पड़ेगी ।

कुछ शब्द मैं घास के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं । देश में जहां जहां सूखा पड़ा है, सब जगह घास की इतनी खराब हालत है कि पशुधन मर रहा है । अगले साल चाहे कुदरत ठीक से पानी बरसाये, लेकिन पशुधन नहीं

[श्री भार्गव भंवर]

होगा बैल नहीं होंगे तो वे खेती नहीं कर पायेंगे उन के पास ट्रैक्टर या आधुनिक औजार नहीं हैं, वे लोग तो सिर्फ दो बैलों से खेती करते हैं, लेकिन जब बैलों को अभाव होगा तो किसान हाथ पर हाथ धरे बैठा रहेगा । इस लिये घास के लिये खास व्यवस्था करनी चाहिये ।

हम लोग हमेशा सिंचाई की बात करते हैं, इस लिये कृषि मंत्रालय के साथ इसका सीधा सम्बन्ध आता है । हम चाहते हैं कि सिंचाई विभाग कृषि मंत्रालय से सम्बद्ध होना चाहिये ताकि जो समन्वय की बातें होती हैं, समन्वय न होने के कारण कोई काम ठीक से नहीं हो पाता है, इस लिये समन्वय की दृष्टि से यह विभाग कृषि मंत्रालय के साथ सम्बद्ध होना चहिये ।

एक बात और कहना चाहता हूं–देश का जंगल बरबाद हो रहा है–तमाम पहाड़ियां साफ हो चुकी हैं, उन में खेती भी नहीं हो सकती है । इस लिये मैं चाहता हूं कि तमाम पहाड़ियों पर जंगल लगाये जायें । कागजी तौर पर वन-महोत्सव मनाये जाते हैं, करोड़ों रुपया खर्च होता है, लेकिन उस के बाद एक भी वृक्ष देखने जायें तो नहीं मिलेगा । यह कागजी खाना-पूरी नहीं होनी चाहिये । जमीन के कटाव को रोकने के लिये भी यह जरूरी है तथा सायल-कन्जर्वेशन के लिये भी जरूरी है । वन-सम्पदा की आवश्यकता को देखते हुए नये वन लगाये जायें, वास्तविक रूप से पैसा खर्च हो और उन की देखरेख हो ।

18.18 hrs.

CONVICTION OF MEMBER—contd.

MR. CHAIRMAN: I have to inform the House that the Speaker has received the following telegram, dated the 7th April, 1973, from the Jail Superintendent, Ujjain:—

"Shri Phool Chand Verma, Member, Lok Sabha, was sentenced to undergo simple imprisonment for five days by the Magistrate, First Class, Ujjain, on the 17th April, 1973, for violating section 3/7 of the Essential Commodities Act."

18.19 hrs.

HALF-AN-HOUR DISCUSSION

IMPROPER FUNCTIONING OF CALCUTTA TELEPHONES

SHRI SAMAR GUHA (Contai): Sir, Calcutta telephone has received not only unjust and unfair but even step-motherly treatment at the hands of the Government. My short comment will be jusified by he statistics given by the Government themselves. Let me give comparative figures only for Calcutta, Bombay and Delhi. In 1961 Calcutta had 73,600 telephone lines while Bombay had 47,795 lines and Delhi 32,400 lines. During the Third Plan, Bombay had the privilege of getting an allotment of 58,100 lines plus 30,000 imported, making a total of 88.100. Delhi—28,700 and 13,000 imported, totalling 41,000. Calcutta—only 20,300.

In the Fourth Plan Bombay had an allotment of 92,000; Delhi 62,000 and Calcutta—68,000. In the proposed Fifth Plan, Bombay will have an allotment of 1,84,000; Delhi—1,08,000 and unfortunate Calcutta only 69,000.

If you see the comparative figures in terms of 1961 figure as the base, the allotment increase for Bombay in the First Plan was 187 per cent; Delhi—128 per cent and Calcutta—no increase in percentage. In the Fourth Plan, Bombay had 197 per cent increase: Delhi—212 per cent increase. In the proposed Fifth Plan, Bombay—391 per cent; Delhi—338 per cent. About unfortunate Calcutta, nothing should be mentioned.

At present, Bombay has 1,68.000; Calcutta—1,32,000 and Delhi 99,135. By

the end of the Fifth Plan, that is, by 1982, this will be the position. Just keep in mind the position that Bombay had much less telephone lines in 1961. But after the Fifth Plan, Bombay will be having 4.44 lakhs; Calcutta 2,69 lakhs and Delhi 278 lakhs. What about unfortunate Calcutta? Calcutta is known as the capital of industrial and commercial centre of eastern India. Compared to Bombay, its importance is no less. Calcutta is known as the biggest metropolitan city of the country. If I say Calcutta has received a step-motherly treatment, the figures justify it The ratio between Bombay and Calcutta is 1:2; 10 years before, Calcutta had a lead over Bombay.

Now, in Calcutta, there is a load of new applications. Nearly 56,000 new applications are outstanding and some of them are 10 years old. It is not the responsibility of the present Minister. I want to know whether he will take some steps before the Fifth Plan is finalised to see that Calcutta's position should be at least at par with that of Bombay because Calcutta's importance, neither from commercial standpoint nor from the industrial standpoint, is in no way less than that of Bombay. Therefore, I hope, before the Fifth Plan is finalised, at least the position of telephone connections in Calcutta and Bombay should be at par.

I would like to draw your attention to another point. In 1964, the Government of India entered into a contract with Bell Telephone Company of Belgium for supply of 48,000 lines telephone exchange equipment and for supply of four trunk automatic exchanges for subscriber trunk dialing. You gave to Bombay—30,000; Delhi—13,000; Madras—5,000 and unfortunate Calcutta—not even one.

About your automatic trunk exchanges, by 1969, Bombay, Delhi, Madras, Kanpur, even small cities have been connected. You have printed a booklet of your own. It is called the S.T.D.—Subscriber's Trunk Dialling. You have given a map here. In that map, unfortunate Calcutta is missing. You have connection with Madras, Bombay, Delhi, Srinagar, Lucknow, Kanpur and many other innumerable cities. But I do not know what has happened to Calcutta. Calcutta is absolutely missing even from your map. I do not know whether Calcutta will not be missing from India or you do not want to completely isolate Calcutta from trunk exchange. I want to know what steps Government will take about that.

About Calcutta, there is one complaint and that is about mechanical failure of machines. When you take up the phone, there is no tone. Cross-connections, wrong connections, are innumerable. What is the reason for that? They say that spares are not available.

Regarding internal spare parts, recently I have been told that they have been supplied. But I do not know whether there is a dearth of trained personnel. If you had the idea that you were going to supply internal spare parts, at least some planning should have been done in advance for training so that they could handle them. But that was not done.

External spare parts like receiver sets, receiver coils and transmitter sets are not at all available. You can understand what would be the result. Also, the quality of parts and equipment manufactured by the Indian Telephone Industries is very bad. Innumerable complaints are there. I would request the hon. Minister to go there at some suitable time and see that the quality of the parts and equipment manufactured in Bangalore is improved.

About human failure in services like 199, 198, 197, etc., you know what is the fact. They go on ringing for ten or 15 minutes and there is no response. What are the reasons for this? One of the major reasons is

[Shri Samar Guha]

human failure. In Calcutta a large number of those people who handle these services—199, 198, 197, etc.—are ladies. Thousands of them come from far-off places and sometimes they cannot reach in time because of transport difficulties, and when they reach, after a great struggle, they get completely exhausted. I do not complain against them. What can they do? They are ladies. If you really want to improve their condition, I think, as in other industries, certain transport arrangements at least for the ladies should be made, so that they could reach office in time.

There is no hostel for telephone girls. With the help of Social Welfare Board, you should arrange to set up some hostels.

About staff quarters, in Calcutta, the telephone workers have no staff quarters. Government should take some steps immediately to provide the staff with quarters

Another point is this and this is a dangerous practice. The commercial and industrial concerns pick up the receiver, make the call and keep the connection on for almost the whole day—8 hours, 9 hours and sometimes even 10 hours continuously, thereby avoiding a number of calls. A meter system has to be introduced to avoid this malpractice by the industrial and commercial concerns. As I said, for 6 hours, 7 hours and even 10 hours, the same connection is kept on. Similarly at the other end also, they do the same thing. Therefore, a meter system should be introduced.

Another problem in Calcutta is that the Calcutta Tramways, the Calcutta Electric Supply Corporation, CMDA, the Calcutta Corporation, P.W.D., etc. frequently work on the roads of Calcutta and damage the telephone cables. These people do not care to report these, and that is creating a lot of trouble. I am a member of the Telephone Advisory Board. For about a month my telephone was out of order. The contractors, particularly of CMDA, etc. do not care for the telephone lines and the damage is not reported. When you go to Calcutta, you should take up the matter with the Government of West Bengal. There should be some sort of a threat. If your telephone line is damaged in any way, then you will take them to task and also threaten them that you would go to court and claim damages. Only that sort of threat can do something.

About wrong billing, I will give you the figures. In 1969-70, there were 22,000 wrong billings. In 1970-71 there were 20,000 wrong billings. In 1971-72 there were more than 14,000 wrong billings. In 1972-73, upto February only, there have been 14,000 wrong billings. They say that they take very prompt action on wrong bills. But why should they be wrong first? It is just a question of taking the meter reading correctly. There is only human failure here and that should be taken care of About this particular human failure, I think there is a vigilance organization. But the people of Calcutta or the telephone subscribers do not know about it. You have got to improve that organization and the personnel also are not enough The number of Public Relations Officers is also meagre People go there and they try to talk to them and express their grievances to them. I would request you that the number of PROs also should be increased.

SHRI R. S PANDEY (Rajnandgaon): Also their efficiency.

SHRI SAMAR GUHA: Yes, their efficiency also should improve. I think you could just introduce a simple thing a complaint box to be attached to every important post office where complaints about 199 or 198, wrong billing etc. could be lodged. A person may mention the exact time and date and mention the complaint. If you have got something about the persons handling the equipment, if you ask

for their explanation, at least in the first month, they will grudging do it, second month, the number will come down and the third month, it will still be reduced. Some such complaint box should be attached to each post-office. It is a very easy thing.

About other things, about the Own-Your-Telephone, general category telephone, special category telephone here, the industrialists are the fortunate ones—they can get any number of telephones. I would request you to see whether at least their quota could be reduced to some extent and transferred to the general quota. About the special category, my experience is that there are certain business people whose sole aim in attending the meetings of the TAC is to get a number of telephone connections sanctioned. I want that 50 per cent should be the total given to the TAC Board. Special criteria should be carefully laid down—why, how and what reasons and why a person should be given special category. I will just cite one example Any person by just enlisting a company with Rs. 300 or a co-operative of small scale industries—by paying Rs. 300 they get a licence from the West Bengal Government—they get the telephone. under special category. Special criteria and reasons should be completely laid down why and how this special category telephone should be given.

I want to conclude by saying that there are some 56,000 pending applications. Even after the Fifth Plan, you will have 50,000 pending applicants. Unless you take up the matter seriously—the Fifth Plan is yet to be finalised, I hope the hon. Minister is handling it with all earnestness and sincerity as I have seen it and I hope Calcutta will feel that touch of sincerity and earnestness and the problems that I have raised will receive your utmost attention.

MR. CHAIRMAN: Shri Ram Avtar Shastri—absent.

Shri Hukam Chand Kachwai—absent.

The hon. Minister.

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI H. N. BAHUGUNA): I am grateful to Prof Samar Guha for bringing before us the deficiencies in the Calcutta Telephone system. I admit that Calcutta has lagged behind in regard to telephone development and it is a matter of real sorrow for me that it should be so and I can assure Prof. Guha that it would be my endeavour to bring home to my Department the shortcomings pointed out by him and see that in the matter of exchange caacity and in the matter of providing Calcutta with an efficient and satisfactory system, we will do our very best during the Fifth Plan both qualitatively and quantitatively.

Prof Guha has corectly drawn out the difference or rather brought out some defects to say that Calcutta has lagged behind. There have been a number of contributory factors for this and I would not go in detail except to say that we will try to do our very best and I hope that men like Prof. Guha will help us in the matter of improving our services so far as it relates to the failure of human component of the whole telecommunication organisation.

So far as joining Calcutta on Subscriber Trunk Dial is concerned with Delhi, with Bombay and the rest of the country, I am sorry to say that inspite of my very best efforts it will not be possible to do anything before 1975. Uptil that time Calcutta would have to be denied this but in 1971 when I joined this Ministry immediately thereafter by November 1971 twenty-two no-delay trunk services were introduced to and from Calcutta and Calcutta Delhi happens to be among those links. The whole question was Calcutta is on broad band coaxial transmission system with Delhi and the entire circuits had been allotted by the time Calcutta had the

[Shri H N. Bahuguna]

capability to get linked to Delhi or the STD. Now, those circuites are already exhausting. We have already ordered equipment for connecting Calcutta with Delhi on broad band microwave transmission system and as soon as that equipment is installed, we are already making our preparation, which will be completed by September 1973 at the Calcutta end and at other ends also so that when that particular facility of transmission system is available Calcutta will have enough circuits to come on STD. STD will naturally require more circuits than we can presently have. The second thing about Calcutta system which I would like to point out is that in 1964 much before I happened to see the face of this august House and at a time when one of Prof. Guha's own friend was heading this Ministry here it was decided to have for Calcutta a new type of system which we call Director Type Strowger System. That is the only type of equipment we were having in the country at that point of time. It was supposed to be the latest in the field. But what has been the result? The result is subsequently in 1964 we went in for new equipment—the BTM crossbar equipment In a way I congratulate Prof. Guha that he has been spared the troubles of crossbar. It is very sophisticated but also a very complicated system I have often been saying jocularly to my friends that Christ alone could have carried the 'Cross' but simple and ordinary human beings like me are being called upon to share the responsibility of carrying this cross. In a way, I think, he is lucky he does not have the crossbar at Calcutta otherwise, perhaps, his troubles would be much more than the present ones which Calcutta is facing from the Director system. Now, Sir, when this system was introduced the spares thereof are produced by ITI. ITI being a business house thought why should they produce number of spares which will be needed by one system only. The result was since 1978 Calcutta system did not have any spares supply from ITI Bangalore. In 1971 November when I went there this thing come to my notice that 25 per cent of the switches of the Director system had been completely blocked because of the lack of spares. I decided to direct the ITI and threatened them by saying that it is not possible for them to deny the spares to that particular institution and now 99 per cent of hose switches have been restored back to Calcutta with the result that Calcutta could give inspite of not addition of much new equipment about 10,000 more connections during the last year and, therefore, it has been my constant endeavour to improve the working of that system. That system sufffered negligence at the hands of ITI for which government will have to take responsibility and I quite concede that Calcutta system needs to be looked into rather with great care in the time to come.

So far as the present position is concerned Prof. Guha is right when he talks of billing defects but in that also most of the defects are due to human failures. Now, I cannot be my own meter reader and in that eminent persons like Prof. Guha could play a great role by trying to bring home to our workers the sense of responsibility which should bear on them while discharging their public function like this.

Now, I do not want to say rather from a higher pedestal but, unfortunately, the current trend in the country is not to take of the duties but of the rights only. So, I am great sufferer on that but with the good wishes and help from all friends it should be possible for us to improve the Calcutta system. He is quite right when he says that the Information Service 199, 197 and 198 are not responding. The absenteeism is one of our greatest curses and I am afriad in that also with all his large heartedness Prof. Guha will have to admit that ultimately in this country every government servant cannot expect the government to bring him on duty. In

order to be in time he has to start a little earlier. You know in Calcutta what it means to go to one's office. That is inbuilt in the difficulties of Calcutta. Therefore, Sir, I do not think it is possible for my department to provide all the buses. If I had one colony at one place I would have brought them.

SHRI SAMAR GUHA: At least from Sealdah and Howrah—two or three points—it can be provided.

SHRI H. N. BAHUGUNA: The whole point is we have got a certain type of facility which we can afford. Presently, I do not think it will be possible for me to accept that advice but I can assure him on housing I am keen to have houses. I have decided to purchase ready-built houses from the government of West Bengal for our co-workers in the P & T and I can assure supply of spares, maintenance effort, tightened supervision, giving Calcutta its due share in the Fifth Plan should bring about a vast and a different sort of system which will be satisfactory to Calcutta and keeping with its honour and dignity.

18.42 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, April 19, 1973/Chaitra 29, 1895 (Saka).

MGIPND—P.M.R.—322 LS JC 390—8-8-73—1010.

PLS. 40. XXVI. 40.73.

2020

© 1973 BY LOK SABHA SECRETARIAT

PUBLISHED UNDER RULES 379 AND 382 OF THE RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN LOK SABHA (FIFTH EDITION) AND PRINTED BY THE MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI.